RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

वर्ष-05, अंक 350 | अलीराजपुर, रविवार ● 17 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

## सुविचार

'हर्ष के साथ शोक और भय इस प्रकार लगे हैं, जैसे प्रकाश के संग छाया, सच्चा सुखी वही है, जिसकी दृष्टि में दोनों समान हैं'।
- माया बैरागी, सैलाना रतलाम

अगर कोई आपको अपनी तकलीफ बताये तो नजर अंदाज मत करिए, क्योंकि आप सिर्फ सुन रहे हो वो उससे गुज़र रहा है...
- संजय अग्रवाल, नागपुर

आलसी व्यक्ति को 'सुख' नहीं मिल सकता है, लेकिन ज्यादा सुख सुविधा मिलने पर व्यक्ति 'आलसी' जरूर हो जाता हैं।
- हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास

## रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने इंद्रपुरी हॉल्ट पर फुट ओवर ब्रिज का किया शिलान्यास

**नई दिल्ली (हि.स.)।** रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने शनिवार को दिल्ली में इंद्रपुरी हॉल्ट पर फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। इसका निर्माण कार्य अगले साल जुलाई तक पूरा हो जाएगा। इस पर लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर नई दिल्ली की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह और उत्तर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पुराना फुट ओवर ब्रिज 55 वर्ष पुराना है और सुरक्षा कारणों से नए फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है। नए फुट ओवर ब्रिज की चौड़ाई 6.10 मीटर और लंबाई 257 मीटर होगी।

# मोटराइज्ड ट्राइसिकल मिलने से आवागमन सुविधाजनक होने के साथ रोजमर्रा और कार्यक्षेत्र की गतिविधियों में होगी सहजता

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में धार में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम अवसर पर दिव्यांगजनों के जीवन को सरल और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 108 मोटराइज्ड ट्राइसिकल का वितरण किया गया। यह ट्राइसिकल आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है और दिव्यांग व्यक्तियों को स्वतंत्रता और गतिशीलता प्रदान करती है।**

मोटराइज्ड ट्राइसिकल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। इस पहल ने उनके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। कार्यक्रम के दौरान जब लाभार्थियों ने मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्राप्त की, तो उनके चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। यह ट्राइसिकल न केवल उनके आवागमन को सुविधाजनक बनाएगी, बल्कि उनके कार्यक्षेत्र और रोजमर्रा की गतिविधियों को भी सहज बनाएगी।

मोटराइज्ड ट्राइसिकल पाकर लाभार्थी बेहद उत्साहित नजर आए। लाभार्थी श्री प्रेमचन्द, श्री देवी सिंह अथवा श्रीमती संगीता, कोई व्यवसाय करता है तो कोई नौकरी। सभी ने कहा, पहले हर जगह आने-जाने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था।



### आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का संचार

दिव्यांगजनों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मोटराइज्ड ट्राइसिकल उनकी जिंदगी को एक नई दिशा देगी। उनके आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी, और वे समाज में अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभा सकेंगे। मोटराइज्ड ट्राइसिकल केवल एक साधन नहीं है, यह दिव्यांगजनों के जीवन में स्वतंत्रता और संभावनाओं के नए द्वार खोलने का प्रतीक है।

अब इस ट्राइसिकल के माध्यम से स्वयं व्यवसाय और नौकरी कर पाएंगे। ये हमारे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। यह मोटराइज्ड ट्राइसिकल हमें मददगार तो रहेगी तथा यह हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ायेगी। मोटराइज्ड ट्राइसिकल आधुनिक बैटरी तकनीक और आरामदायक डिजाइन से लैस है। इसे दिव्यांग व्यक्तियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह वाहन लंबी दूरी तय करने में सक्षम है और ऊर्जा दक्षता के मामले में भी बेहतर है।

### मुख्यमंत्री ने प्रकाश पर्व पर प्रदेश के सिक्ख बंधुओं को मुख्यमंत्री निवास में किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व (जयंती) के उपलक्ष में मुख्यमंत्री निवास में समारोह का आयोजन किया है। मुख्यमंत्री निवास में 17 नवंबर को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सिक्ख समुदाय को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री निवास परिसर में रविवार की शाम आयोजित प्रकाश पर्व की शुरुआत गुरबाणी के साथ होगी। उसके बाद पूजा पाठ एवं लंगर के रूप में प्रसादी का आयोजन रखा गया है।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्र प्रेस दिवस पर पत्रकार साथियों को दी बधाई




भारतीय प्रेस परिषद ने विधिवत रूप से 16 नवम्बर, 1966 से कार्य करना प्रारंभ किया। इस दिन के महत्व को प्रतिपादित करते हुए इसे प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को भारतीय प्रेस दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। हमारे देश में प्रिंट मीडिया के लिये व्यावसायिक मानकों को परिभाषित करने और उनका निर्वहन करने वाले नियामक के रूप में भारतीय प्रेस परिषद (प्रेस काउंसिल ऑफ इण्डिया) कार्य कर रही है। यह एक वैधानिक निकाय है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस सही मायनों में लोकतंत्र के केन्द्र में एक स्वतंत्र एवं जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस-2024 की थीम प्रेस का बदलता स्वरूप'' है। भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का पहला सुझाव वर्ष 1956 में प्रथम प्रेस आयोग द्वारा दिया गया था।

## योगी जी सांसारिक होते तो दर्द समझते : रणदीप सुरजेवाला

**नागपुर (हि.स.)। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सांसारिक होते तो दर्द समझते। उन्होंने झांसी मेडिकल कॉलेज हादसे की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले के हादसों से कोई सबक नहीं लिया है।**

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में प्रेस कांफ्रेस कर झांसी में मेडिकल कालेज में हुए हादसे के लिए योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यदि सांसारिक होते तो बच्चा खोने का दर्द समझते और ऐसे हादसे टालने के लिए स्थायी उपाय खोजते। उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार देर रात लगी आग में 10 बच्चों की झुलसने से मृत्यु हो गई है। इस घटना को लेकर कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने आज नागपुर में कहा कि योगी आदित्यनाथ चुनावी राज्यों में जनसभा कर नफरत फैलाने में व्यस्त हैं। वहीं उनके अपने राज्य में लापरवाही के चलते गंभीर हादसे हो रहे हैं। उन्होंने झांसी के हादसे को संस्थागत हत्या करार देते हुए कहा कि अगर वक्त रहते ऑक्सीजन सिलेंडर की एक्सपायरी पर ध्यान जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पूर्व गोरखपुर में 60 और फरुखाबाद में 49 बच्चों की लापरवाही के चलते मृत्यु हो गई थी। लेकिन इन घटनाओं से राज्य के मुखिया ने कोई सबक नही लिया। नतीजतन झांसी का दर्दनाक हादसा हो गया। सुरजेवाला ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सन्यासी हैं, उनके अपने बीबी-बच्चे नही हैं, इसलिए योगी जी बच्चों के माता-पिता का दर्द नही समझ पाते। इस अवसर पर सुरजेवाला ने दिल्ली के सराय काले खां चौराहे का नाम बदलने पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि चौराहे पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाना और उनका नाम देना अच्छी बात है, लेकिन भाजपा बिरसा मुंडा के बच्चों पर (आदिवासी) अन्याय करना कब बंद करेगी...? सुरजेवाला ने प्रेस कांफ्रेन्स में आरोप लगाया कि महाराष्ट्र और केन्द्र सरकार सोयाबीन उगाने वाले किसानों के साथ भेदभाव और अन्याय कर रही है। वहीं कांग्रेस महासचिव ने सोयाबीन की फसल को 7 हजार रुपये का समर्थन मूल्य देने का वादा किया है। इस प्रेस कांफ्रेन्स में सुरजेवाला के साथ कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, संदीप सिंह और राकेश रेड्डी भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस सरकार के समय सबसे आगे रहने वाला महाराष्ट्र सभी सेक्टर में पिछड़ गया : पी. चिदंबरम

**मुंबई (हि.स.)।** पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री और कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने शनिवार को मुंबई में कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सबसे आगे रहने वाला महाराष्ट्र वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सभी सेक्टरों में पिछड़ गया है। उन्होंने महाराष्ट्र की विकास परियोजनाओं को अन्य राज्यों में चले जाने का भी आरोप लगाया। पी. चिदंबरम ने आज मुंबई के दादर तिलक भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय 9.6 प्रतिशत से गिरकर 7.6 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र 4.5 प्रतिशत से गिरकर 1.9 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र 13 प्रतिशत से गिरकर 8 प्रतिशत और रियल सेक्टर क्षेत्र 14.5 प्रतिशत से घट कर 6.2 प्रतिशत हो गया है।

### एक बिजली ग्रिड के लिए यूनिफ़ॉर्म प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल को मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय विद्युत समिति (एनपीसी) ने बिजली ग्रिड के उपयोग से जुड़े देशभर में लागू किए जाने वाले यूनिफ़ॉर्म प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल को तैयार किया है। विद्युत मंत्रालय के अनुसार सीईए के अध्यक्ष घनस्याम प्रसाद की अध्यक्षता में 14 नवंबर को नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय विद्युत समिति की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। यूनिफ़ॉर्म प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल का लक्ष्य ग्रिड स्थिरता, विश्वसनीयता, सुरक्षा और 2030 तक राष्ट्रीय ग्रिड में 450 गीगावॉट और 2047 तक 2100 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करना है।




## महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है : मोदी

**नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महायुति सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से महाराष्ट्र के लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है।**

महाराष्ट्र के लोग चाहते हैं कि यह सरकार अगले पांच साल तक चलती रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के ज़रिए महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि महायुति सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से महाराष्ट्र के लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, मैंने यह स्नेह देखा है। वो भी चाहते हैं कि अगले पांच साल यही सरकार रहनी चाहिए। महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजप-महायुती आहे, तर गती आहे, महाराष्ट्राची प्रगती आहे यानी भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में से एक से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महायुति सरकार समाज के हर वर्ग के सशक्तीकरण के लिए प्रयास कर रही है। हमारी सरकार और अघाड़ी सरकार के बीच यही मुख्य अंतर है और लोग इस अंतर को स्पष्ट रूप से महसूस कर सकते हैं। कांग्रेस के बुरे इरादों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सामूहिक प्रगति की कल्पना करती है, जहां सभी को आगे बढ़ने का अवसर मिले। कांग्रेस अपने इतिहास से अच्छी तरह वाकिफ है- जब एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय कम जागरूक थे, तब उन्होंने केंद्र में पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का आनंद लिया। हालांकि, जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए, कांग्रेस का प्रभुत्व कम होने लगा। अब, कांग्रेस इन समुदायों के बीच गहरी खाई पैदा करना चाहती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका विरोध करने वाली कोई ताकत न बचे। राधानगरी के बूथ अध्यक्ष विनोद कुलकर्णी ने मोदी से बात करते हुए बताया कि उनके बूथ के लोग सरकार की योजनाओं से बहुत खुश हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें इन योजनाओं के लाभों के बारे में लोगों को बताने, उनकी चिंताओं को सुनने और उन्हें हल करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की सफलता पर भी प्रकाश डाला, जिसने न केवल बिजली के बिलों को शून्य कर दिया है, बल्कि लोगों को बिजली के माध्यम से आय उत्पन्न करने में भी सक्षम बनाया है। भाजपा के शीर्ष नेता मोदी ने हर कार्यकर्ता से चुनाव के अंतिम दिनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आग्रह किया और मतदान केंद्रों को जीतने और हर बूथ पर रिकॉर्ड मतदान कराने पर बल दिया।

## राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा, सिर्फ लेकर घूमते हैं : जेपी नड्डा

**मुंबई (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को ठाणे जिले में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है, वे सिर्फ संविधान हाथ में लेकर चिल्लाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी संविधान पढ़े रहते तो उन्हें पता रहता कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने आज ठाणे के गणमान्य व्यक्तियों, व्यापारियों और उद्योगपतियों सहित प्रभावशाली ठाणेकरों के साथ बातचीत की। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए जब कांग्रेस की सरकार थी, तब कितने ओबीसी मंत्री उनके सरकार में थे। साथ ही राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि राजीव गांधी फाउंडेशन में, कांग्रेस कमेटी में कितने ओबीसी हैं।

## भाजपा कहती है 'बंट गए तो कट गए', मैं कहता हूं 'डर गए तो मर गए' : मल्लिकार्जुन खरगे

**रांची (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को झारखंड के अपने दौरे के दौरान भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह राज्य में सरकार बनाने के बाद झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का प्रयास करेगी।**

उन्होंने कहा, भाजपा कहती है, 'बंट गए तो कट गए', लेकिन मैं कहता हूं, 'डर गए तो मर गए'। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री का दर्जा होने के बावजूद विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हवाई अड्डे के आरक्षित लाउंज तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने और राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में कथित रूप से देरी करवाने के लिये मोदी और शाह की आलोचना की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने में शुक्रवार को लगभग दो घंटे की देरी हुई थी, जिसके बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह देरी राजनीति से प्रेरित थी। खरगे ने कहा कि अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को लगभग दो घंटे तक देवघर हवाईअड्डे पर फंसे रहे थे और क्षेत्र को 'नो-फ्लाई जोन' घोषित कर दिया गया था, क्योंकि प्रधानमंत्री विमान में खराबी के ठीक होने तक वहीं इंतजार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'कल हमारे नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में जानबूझकर दो घंटे की देरी की गई, क्योंकि प्रधानमंत्री अपने विमान में बैठे थे। आज मेरे हेलीकॉप्टर को 20 मिनट देरी से उतारा गया, क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उतर रहे थे। उनका रास्ता अलग था और मेरा रास्ता अलग था।

## असम के मुख्यमंत्री सरमा ने धनबाद में इंडी गठबंधन पर बोला हमला

**धनबाद (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान को लेकर प्रचार चरम पर है। इसी बीच असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को सोरेन सरकार पर हमला बोला। धनबाद के कोयला नगर और बाघमारा के कतरास स्थित कतरी नदी मैदान में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में सरमा ने कहा कि स्कूल रविवार को बंद होते हैं। शुक्रवार को स्कूल बंद होते हैं क्या? इरफान अंसारी और आलमगीर आलम ने रूल बनाया है। मैं हेमंत सोरेन से पूछना चाहता हूं कि अगर आप उनके लिए शुक्रवार को स्कूल बंद करते हो तो बजरंग बली की पूजा करने के लिए हमारे बच्चों को भी मंगलवार की छुट्टी दो। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश काल से ही रविवार को स्कूल बंद होते हैं। हिन्दुओं ने मान लिया।

### महाराष्ट्र चुनाव... डॉ मिश्रा ने भंडारा में केंद्रीय मंत्री किरण रिजुजी के साथ किया विशाल आमसभा को संबोधित

# हिन्दू समाज को तोड़ने के लिए ही कांग्रेस कर रही है जातिगत जनगणना की मांग

विनय उजाला

**भोपाल/भंडारा (महाराष्ट्र)। गोंदिया-भंडारा लोकसभा कलस्टर प्रभारी व पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजुजी व राज्य सभा सांसद प्रफुल्ल पटेल के साथ भंडारा के साकोली विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अविनाश ब्राम्हणकर के समर्थन में एक विशाल आमसभा को संबोधित किया।**

डॉ. मिश्रा ने कांग्रेस व राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि आज राहुल बाबा संविधान बचाने का झूठा प्रलाप करते घूम रहे है जबकि इनके ही नेहरू-गांधी परिवार ने एक-दो बार नही 70 बार बाबा साहेब के मूल संविधान में संशोधन कर छेड़छाड़ की है। पूर्व गृह मंत्री ने जातिगत जनगणना को लेकर भी राहुल गांधी पर तीखे कटाक्ष किए।





### बाबा साहेब के संविधान में 70 बार संशोधन करने वाले आज संविधान बचाने का झूठा प्रलाप करते घूम रहे : डॉ. नरोत्तम मिश्रा

डॉ. मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का एक ही काम है झूठ बोलकर भ्रम फैलाना। आरक्षित वर्ग को इसने हमेशा झूठ बोलकर बरगलाया है और वोट लिए है। आज फिर एक बार संविधान बदलने के नाम पर आरक्षित वर्ग को कांग्रेस गुमराह करने का प्रयास कर रही है। इससे पहले चुनाव में भ्रम फैलाया था कि भाजपा व मोदी जी जीत गए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। उससे पहले चुनाव में कहा था कि भाजपा जीती तो एससी-एस टी एक्ट खत्म कर देंगे। आप सब बताए ऐसा हुआ क्या। लेकिन यह कांग्रेस वाले हर चुनाव में नया झूठ लेकर आ जाते है ओर हम में से कुछ लोग उनकी बातों में आ जाते है। डॉ मिश्रा ने कहा कि इस समय राहुल बाबा संविधान कि पुस्तक लिए घूम रहे है और भ्रम फैला रहे है कि भाजपा जीती तो संविधान बदल देगी। जबकि सच यह है कि राहुल बाबा का परिवार ही अब तक बाबा साहेब के मूल संविधान में 70 बार संशोधन कर चुका है। नेहरू जी, इंदरा जी व राजीव जी के समय ही यह संशोधन हुए है। लेकिन विडम्बना देखिए संविधान में इतने संशोधन करने वाले ही संविधान बदलने का आरोप भाजपा पर लगाते घूम रहे है। राहुल बाबा को तो मूल संविधान में छेड़छाड़ करने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। डॉ. मिश्रा ने जातिगत जनगणना को लेकर भी राहुल गांधी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना की बात वो कर रहे है जिनकी खुद की जाति पता नही है। राहुल गांधी जातिगत जनगणना की बात करे कोई आपत्ति नही, पर पहले अपनी जाति तो देश को बताए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व राहुल बाबा हिन्दुओ की ही जातिगत जनगणना की बात क्यों कर रहे है मुसलमानों को भी इसमें शामिल करें। मुसलमानों को शामिल करते है तो हमे जनगणना से कोई आपत्ति नही है। लेकिन वह ऐसा नही करेंगे क्योंकि उन्हें केवल हिन्दू समाज का बटवारा करना है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि आप सब एकजुट रहना कांग्रेस के झूठ में नही फंसना। महाराष्ट्र व आपके बच्चों के भविष्य आपका एक वोट तय करेगा। गलती से भी इन बॉटने की मानसिकता रखने वालो को वोट नही देना है। आप लोगो के अपर समर्थन से यह तय है कि जीत महायुति गठबंधन कि ही होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण विशेष कैंप का आयोजन कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने किया निरीक्षण





**अलीराजपुर, निप्र।** जिले में निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है। मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने का कार्य इस दौरान किया जा रहा है। निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति को देखने एवं कार्य में अपेक्षित तीव्रता लाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशानुसार विशेष कैंप का आयोजन 16 एवं 17 नवंबर को किया जा रहा है। वास्तविक स्थिति को जानने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ बेडेकर ने अलीराजपुर के सर प्रताप विद्यालय, कन्या विद्यालय, बहरपुरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अलीराजपुर के 10 केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति को जाना। इसके साथ ही हरसवाट एवं लक्ष्मणी ग्राम में स्थित केंद्रों का भ्रमण कलेक्टर डॉ बेडेकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे ने किया। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने पूरे जिले की प्रगति की समीक्षा की और बोरखड केंद्र सहित अन्य केंद्रों में पाई गई धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी केंद्र एवं संबंधित बीएलओ लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहते है उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के द्वारा प्रयास किया जा रहा की सभी पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ लिए जाए ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने अधिकार से वंचित न हो। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

### 25 स्थानों पर 200 पुलिसकर्मियों की एक साथ दबिश

**देवास, निप्र।** देवास पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार की शुरुआत करी है, जिसके तहत लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुख्यात अपराधियों की जानकारी प्राप्त कर 15 नवंबर को प्रभावी कार्यवाही की गई। इसके तहत 20 थानों की 200 पुलिसकर्मियों की दो दर्जन से अधिक टीम मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार 12 घंटे तक सक्रिय रही और संपूर्ण ज़िले में एक साथ 25 स्थानों पर दबिश दी गई। यह कार्यवाही सुनियोजित प्लानिंग और पुख़्ता सूचना के आधार पर की गई जिसके चलते मात्र 12 घंटे के भीतर देवास पुलिस को 10 लाख रुपये क़ीमत का कुल 104 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) ज़ब्त कर कुल 7 कुख्यात तस्करों को गिरफ़्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के तहत थाना उदयनगर द्वारा दो प्रकरण पंजीबद्ध करते हुवे कुल 95 किलोग्राम गांजा ज़ब्त कर दो तस्करों सुखलाल पिता बुधन जाती भीलाला निवासी गुवाडी और उदय पिता मांगू जाति भिलाला निवासी गुवाडी को गिरफ़्तार किया है। थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वारा रामसिंह पिता महताब सिंह को गिरफ़्तार कर क़रीब 1 किलो 200 ग्राम गांजा ज़ब्त किया गया है। थाना कन्नौद द्वारा गनी पिता पीरू शेख उम्र 60 साल निवासी ग्राम अतवास थाना सतवास एवं रमजान पिता घीसु शेख उम्र 58 साल निवासी ग्राम अतवास थाना सतवास को गिरफ़्तार कर लगभग 3 किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया है।


# प्राकृतिक संपदा संरक्षण और जागरूकता पर कृषि विज्ञान केंद्र पर कार्यशाला आयोजित

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। जिला मुख्यालय पर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा प्राकृतिक संपदा संरक्षण एवं उसके प्रति जागरूकता को लेकर वृहद कार्यशाला और कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वय से आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम में जहां बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे वही जनप्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिकों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे राष्ट्रीय पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली के द्वारा आदिवासी उप योजना के तहत आयोजित महत्वपूर्ण कार्यशाला में स्थानीय बीजों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने हेतु कृषक बहने एवं किसान भाइयों को जागरूक किया गया। मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नगर सिंह चौहान, कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरीबाई खरत, जनप्रतिनिधि श्री जयपाल खरत, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर सिंह, एसडीएम जोबट श्री अर्थ जैन के विशेष आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में 200 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। नई दिल्ली से के अनुवांशिक संस्थान से कार्यक्रम में पहुंचे डॉ दिनेश प्रसाद सेमवाल, डॉ ओमप्रकाश धारीवाल और डॉ साधना मौर्य ने किसानों को कार्यक्रम के संबंध में जहा तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई वही मुख्य अतिथियों को भी राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली के प्राकृतिक संपदा संरक्षण कार्यक्रम से अवगत कराया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राकेश यादव ने स्थानिक कृषकों को बीज संरक्षण और कम लागत में किस तरह से प्राकृतिक खेती लाभप्रद होती है इस पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने किसानों से संवाद करते हुए उन्हें प्राकृतिक खेती के साथ पशुपालन किस तरह से आय में वृद्धि करता है इस पर विशेष रूप से समझाइश दी गई। वही नशा मुक्ति के साथ ताजी सब्जियां लगाने दूध उत्पादन का व्यवसाय करने पर पर भी जागरूक किया गया। जनप्रतिनिधि श्री जयपाल खरत ने क्षेत्र के किसानों कैसे सब्जियों और फसल का उचित मूल्य मिल सकता है इस पर विस्तार से जानकारी दी। जिला कलेक्टर डॉ बेडेकर ने अपने उद्बोधन में क्षेत्र में कृषिगत कार्यों से अधिक किसानों के साथ जोड़े जाने पर जोर दिया तथा उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक ऐसी तकनीक जिसमें कम लागत में किसानों को अधिक लाभ मिले इस पर समझाइश देने की बात भी कही। उन्होंने मोटे अनाज की खेती पर हो रहे काम पर भी किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज/ श्री अन्न के क्षेत्र में जिले में बहुत संभावनाएं है। कार्यक्रम में कृषकों ने अपने स्थानीय बीज प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया था जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि द्वारा द्वारा किया गया इस अवसर पर किसानों को खेती में उपयोगी सामग्री का वितरण भी विशेष रूप से किया गया। कार्यक्रम में डीडीए कृषि विभाग श्री सज्जन सिंह चौहान आत्मा परियोजना के श्री दादू सिंह मौर्य के साथ डेवलपमेंट सपोर्ट सेंटर मिरेकल मिलेट की टीम भी उपस्थित थी।




# राधा अलावा का वर्ग एक शिक्षक के लिए चयन, सीएम के कार्यक्रम में नियुक्ति आदेश के साथ हुआ सम्मान

विनय उजाला

**डही, निप्र।** विकासखंड डही के ग्राम बलवानी की निवासी और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डही में पदस्थ लेखापाल रवि मुजाल्दा की पत्नी राधा अलावा का वर्ग एक के उच्च माध्यमिक शिक्षक पद के लिए चयन हुआ है। उनके चयन पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा धार में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह में शामिल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम में मंडल संयोजक मोनिका चौहान ने नियुक्ति आदेश के साथ सम्मानित किया। राधा अलावा की नियुक्ति शासकीय कन्या ? उमावि कुक्षी में अंग्रेजी विषय के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर हुई है। इसी तरह डही अंचल से करीब चार से पांच और आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों का भी वर्ग के लिए चयन हुआ है। शासन ने हाल ही में वर्ग एक के शिक्षकों के चयन उपरांत नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। नियुक्ति आदेश जारी होने से जिले में विभिन्न विषयों में करीब 50 उच्च माध्यमिक शिक्षक मिले हैं।

# कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने किया विद्यालय का भ्रमण, बच्चों से की बातचीत



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने बहारपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने विद्यालय में शौचालय, मिड डे मील भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। बच्चों से बात करते हुए उन्होंने बच्चों से पूछा कि उन्हें गणवेश एवं पुस्तके समय पर उपलब्ध हो रही है या नहीं, आवागमन में कोई परेशानी तो नहीं आ रही।

उन्होंने बच्चों से बात करते हुए जाना कि क्या बच्चों ने कभी रेल यात्रा की या नहीं। इस पर विद्यालय के कुछ बालक बालिकाओं ने कहा कि उन्होंने नहीं की, जिसपर कलेक्टर डॉ बेडेकर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय के बच्चों के लिए इस प्रकार की स्कूल ट्रिप की व्यवस्था की जाए, जिससे वे बाहरी वातावरण को देख कर सीख सके, साथ ही अपने पर्यावरण को करीब से जान सके। जंगल सफारी की बात सुनकर बच्चों के मन में उत्साह का संचालन हुआ। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि शासन द्वारा आपके सर्वांगीण विकास के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे है, आपका काम है आप प्राप्त शिक्षा को ग्रहण करें एवं अपने जीवन में अच्छा मुकाम पाकर, माता पिता, अपने ग्राम, अपने जिले एवं प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन करे।

# राकेश नोरके बने विधायक प्रतिनिधि, सीईओ को पत्र सौंपा

विनय उजाला

**डही, निप्र।** डही ब्लॉक कांग्रेस में लंबे समय से विधायक प्रतिनिधि का पद खाली था। जिसे क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह हनी बघेल ने डही क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सर्व सम्मति से मालपुरा के जनपद सदस्य एवं युवा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश नोरके को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया।



आज ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, जनपद सदस्यों एवं सरपंचों की उपस्थिति में जनपद पंचायत के सीईओ प्रभात कुमार द्विवेदी को विधायक का पत्र सौंपा। इसके पूर्व ब्लाक कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता नए विधायक कार्यालय मंडी काम्पलेक्स कुक्षी रोड़ डही पर एकत्रित होकर पैदल मार्च कर जनपद पंचायत प्रांगण पहुचें थे। इस अवसर पर नवागत विधायक प्रतिनिधि नोरके ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एवं विधायक श्री हनी बघेल के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ब्लॉक एवं नगर के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलूंगा। हर कार्यकर्ताओं का कार्य सहजता से करूंगा। किसी भी व्यक्ति को कहीं कोई समस्या का अवसर नहीं दूंगा। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेन्द्र डावर ने अपने उद्बोधन में कहा कि डही ब्लॉक के सभी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आपसी सहमति से विधायक प्रतिनिधि के पद पर राकेश नोरके को सर्वसम्मति से नियुक्त किया है। अब हम सब मिलकर कांग्रेस को विकास की ओर अग्रसर करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रणसिंह जमरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र डावर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि फकरा पटेल कवड़ा, जिला पंचायत सदस्य बालू चौंगड़, नगर परिषद डही विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला बोहरा, जनपद सदस्य महेंद्र डोडवा चोटी कवड़ा, राकेश सोलंकी मकड़वानी, पीरु डावर जनपद सदस्य, शोभाराम पटेल सरपंच कातरखेड़ा, मैलाश सरपंच अराड़ा, भेरू सिंह पूर्व सरपंच नरझली, शानू सिंगल, साजिद मनिहार, नौशाद दंगल, अशोक कुमरावत, कैलाश नोरके, शब्बीर सोलंकी जलवट, विक्रम पटेल धरमराय, प्रकाश डोडवा डही, जगदीश अलावा पूर्व सरपंच चाकलिया, दिनेश कुलथ्या, जुनैद पठान, छतरसिंह चौंगड़ ठेकेदार सुराणी, सुरसिंह पटेल पूर्व सरपंच अतरसुमा, कमल सोलंकी गांगपुर, जितेंद्र डोडवा करजवानी, नरसिंह सरपंच खटामी, राघला भाई नोरके मालपुरा, महेश मोरी रणगांव, दिनेश मंडलोई काकरिया, प्रकाश अहरवाल करजवानी, राकेश भाई चाकलिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल्ला बोहरा ने किया। आभार बालू चौंगड़ ने माना।

# दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा संगठन टीम ने मनाया रायपुरिया में

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** रायपुरिया सिविल डिफेंस होमगार्ड झाबुआ के श्री पील्ले सर जी एवं कंपनी कमांडो संतोष जी डिंडोर के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा संगठन टीम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुरिया में दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम रखा गया क्षेत्र के बड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुरिया के पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर श्री प्रताप जी भूरिया एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी रात दिन निस्वार्थ बीमार मरीजों का उपचार कर शासन द्वारा निशुल्क योजनाओं का लाभ आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है साथ में सफाई कर्मी का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी जलसा होटल परिसर के ओनर श्री दिनेश जी सोलंकी और पत्रकार राजेश जी राठौड़ और माही धारा संपादक श्री देवी सिंह भूरिया की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मिलन समारोह में नागरिक सुरक्षा संगठन की टीम द्वारा डॉक्टर श्री प्रताप जी भूरिया एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी का सम्मान किया गया तथा मरीजों से इनके हाल-चाल पूछे गए हैं तथा किसी प्रकार की समस्या पर मदद हेतु टीम तैयार रहने का आश्वासन दिया गया झाबुआ सिविल डिफेंस होमगार्ड के वालंटियर गोपाल चोयल संदीप पवार दीपक चावड़ा अमित जी चावड़ा मनीष मोदी कमल गुप्ता दिलीप भूरिया सुरेश चौहान के साथ गांव व क्षेत्र के अतिथि गण मौजूद रहे



# जयस संगठन ने भगवान बिरसा मुंडा का गाता स्थल बाग बायपास बनाने का निर्णय लिया

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 जंयती बाग जयस् संगठन ने आदिवासी समाज ने आदिवासीयत सस्कृति से ढोल-माँदल बजाकर मनाया।बाग जयस् संगठन ने धरती आबा महामानव क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा का अनुसरण करते हुए।

जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ने वाले उद्बोधन के साथ भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को बाग जयस् संगठन ने अनुसरण किया और बाग विकासखंड मे भगवान बिरसा मुंडा के गाता-स्थल (बाग-बायपास)बनाने का निर्णय लिया गया। भगवान बिरसा के गाता-स्थल मे पूजा विधि-विधान को गायत्री माता परिवार के पं. धर्मेन्द्र मकवाना के द्वारा भूमि पूजन हिन्दू रीति-रिवाज से करवाया।इस अवसर पर सभी बाग जयस् संगठन के साथियों ने मिलकर गाता-स्थल पर शपथ लेकर आगमी 15 नवंबर तक गाता स्थापित करने की शपथ ली है।तब-तक भगवान बिरसा के गाता-स्थल को नाम बिरसा बयडा रखा गया है।पहली बार नगर भ्रमण ना करते हुए इसके विपरीत ढोल-माँदल को भगवान बिरसा मुंडा बयडे मे पहुंचकर भूमि-पूजन किया गया। उसके बाद सीधे टंट्या भील चौराह पर भगवान टंट्या भील गाता-स्थल मे पहुंचकर ग्रामीण जनों के बीच मिलकर सर्वप्रथम बार अन्नकूट महोत्सव भगवान टंट्या भील गाता-स्थल के प्रांगण मे ढोल-माँदल के साथ आदिवासी समाज की संस्कृति के रीति-रिवाज से पूजा-पाठ करके अंत मे अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।इस अवसर पर शामिल भैरूसिंह अनारे, चन्दू रिसावला, गंभीर भंवर, राणा भूरिया, सोहबत काटी, मुकेश पंवार, श्रीराम चौहान,कैलाश चौहान, अनिल-सुमित डावर, महेश डावर, राजेन्द्र भूरिया आदी बाग जयस् संगठन के युवा साथी तथा ग्रामीण जनों ने मिलकर पटाखें फोड़कर और प्रसादी का लाभ लेकर अन्नकूट महोत्सव का भरपूर आनंद लिया।





# बाएफ लाइव्लीहुड्स द्वारा नि:शुल्क पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले में जिला पंचायत के मार्गदर्शन में बीएसएस एमएफआई के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बाएफ लाइव्लीहुड्स द्वारा क्रियान्वित पशुधन विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम घट्टी एवं पीपरखेड़ा में नि:शुल्क पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

दोनों शिविरों में कुल 239 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। जिसमें 104 पशुओं का बांझपन निवारण, 04 पशुओं में सॉर्टेड सीमेन (बछिया वाले सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान), 131 पशुओं को कृमिनाशक के साथ स्वास्थ्य उपचार किया गया। इस पहल से पशुपालकों में गहरी संतुष्टि और उत्साह देखा गया। उन्होंने संस्था के साथ जुड़कर लाभ प्राप्त करने की सराहना की और इसे बेहद उपयोगी बताया।जिला कार्यक्रम अधिकारी डीएन बैरागी ने बताया कि बीएसएस एमएफआई जिले में बाएफ लाइव्लीहुड्स के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान की नि:शुल्क घर पहुंच सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसके साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण और बांझपन निवारण के लिए शिविरों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन किया जा रहा है। यह पहल पशुपालकों की आय बढ़ाने और पशुओं की सेहत सुधारने में एक अहम भूमिका निभा रही है।

### बूथ अध्यक्ष सुरसिह भाभर को सभी की सहमति से नियुक्त किया

# जामला शक्ति केन्द्र पर संगठन उत्सव 'अपना बूथ हो मजबूत' मनाया

विनय उजाला

**बाग, निप्र। भाजपा संगठन के निर्देशानुसार पत्येक बूथ स्तर पर संगठन को मजबुती की दृष्टि से अपना बूथ मजबुत करने हेतु बूथ स्तर पर संगठन उत्सव मनाया जा रहा है।**



इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम जामला शक्ति केन्द्र पर शक्ति केन्द्र प्रभारी केलाश झाबा की उपस्थिति में यह उत्सव पर्व मनाया। इस दोरान शक्ति केन्द्र प्रमुख केलाश झाबा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा में संगठन सर्व परी होता है। संगठन को सर्व परी मानकर हमें पार्टी में कार्य करना चाहिए इसी को लेकर पत्येक बूथ स्तर पर इसे संगठन उत्सव पर्व के रुप में मनाया जा रहा है। बूथ स्तर की समितियों का यह है की हम अपने क्षेत्र में रहकर जनता का कार्य करें शासन की जनकल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार करें ओर जनता को इसका लाभ दिलाए। सह प्रभारी कैलाश भंवर ने बताया की इसमें अधिकतर महिलाओं को भी जोडा जाए ताकी इस उत्सव में महिलाओं की भी भागीदारी रहे ओर उनमें भी संगठन के प्रति जागरुकता आए। इस दौरान सभी कार्यकर्ता ओर स्थानीय नेताओं की सहमति से जामला बूथ का अध्यक्ष सुरसिह भाभर को नियुक्त किया गया। सुरसिह भाभर ने बताया की अपना बूथ हो मजबुत की तर्ज पर काम करेंगे ओर संगठन को मजबूत करेंगे। इस कार्यशाला मैं शक्ति केन्द्र प्रभारी कैलाश भंवर, मंडल महामंत्री सुरेश सिसोदिया, अभयसिंह मंडलोई, कैलाश जमरा, प्रेमसिंह जमरा, रवि रावत, रतनसिह जमरा, भुरसिह मोरी, सुरेश चौहान, हिंरु सिसोदिया, भारत मंडलोई, नानसिह डोडवे, मेहताब डावर, माधूसिह सोलंकी, कमलेश मोरी उपस्थित रहे।

# शुभ संकल्प समूह द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता एवं साहित्यिक गोष्ठी संपन्न

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शुभ संकल्प समूह द्वारा आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम निर्देशक डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर अभिनव कला समाज इंदौर के सभागृह में में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता एवं साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शशि निगम जी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अमिता मराठे जी दिव्यांग बच्चों को एवं अध्यापिका पल्लवी तिवारी भी स्कूली बच्चों को लेकर आई थी।अमिता जी ने विषय समझाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.साधना पंडित एवं विनीता तिवारी , उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी थे।आतिथी परिचय देते हुए शुभ संकल्प की निदेशक सुनीता श्रीवास्तव जी ने आतिथी द्वय को उनके शैक्षणिक व सामाजिक कार्यों में विशेष सेवा हेतु बधाई दी। कार्यक्रम में संतोष तोषनीवाल जी ने बच्चों को बचपन में





समय देने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपना आलेख पढा।

अर्चना पंडित जी, अमिता मराठे जी, निरुपमा त्रिवेदी जी,शोभा रानी तिवारी जी, महिमा शुक्ला जी ने लघुकथा सुनाई, मृदुला शर्मा जी ने बचपन पर काव्य रचना सुनाई, आशा मुंशीजी, सविता ठाकुर जी, दिशा जयसिंघानी ने अपने समाजिक कार्यों की जानकारी दी।कार्यक्रम में साहित्यकार आलोक रंजन जी व इंदु जैन जी ने अपनी गजल से समा बाँध दिया। कार्यक्रम में इंदु जैन ने अपनी किताब अंदाज ए इंदु रचनाकारों को भेंट की।

यह उनके गीत, गजल, कविता, हायकू, माहिये, मुक्तक व लघुकथाओं का संग्रह है। कार्यक्रम की संचालन विभा भटोरे ने शुभ संकल्प चाइल्ड क्लब की शुरुवात पर राम स्तुति करके इसकी सफलता हेतु शुभकामनाएँ दीं। कार्यकम में विनीता तिवारी, डॉ साधना पंडित, विभा भटोरे, महिमा शुक्ला, आशा मुंशी, मृदुला शर्मा, निरुपमा त्रिवेदी, आलोक रंजन, डॉ शशि निगम, संतोष तोषनीवाल, सविता ठाकुर, दिशा मंजवानी, अमिता मराठे, शोभा रानी तिवारी, पल्लवी तिवारी, इंदू जैन, डॉ अर्चना पंडित, आभार प्रदर्शन डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में मूक बधीर विद्यालय की छात्रा एंजिला पाटीदार प्रथम, डेजी डेल्स स्कूल की आनंदिता तिवारी द्वितीय तृतीय मानवर्धन तिवारी रहे।

# रथावर्तन महोत्सव के माध्यम से इंदौर जैन समाज ने विश्व रिकॉर्ड बनाया





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महानगर के इतिहास में प्रथम बार प्रमाणिक संत एवं शंका समाधान प्रवर्तक मुनि श्री प्रमाण सागर जी के सानिध्य में दिनांक 7 नवंबर से विजयनगर चौराहे पर निर्मित भव्य पंडाल में चल रहे संस्कृत भाषा में बीजाकक्षर मंत्रों के साथ 108 मंडलीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन अवसर पर आज शुक्रवार को प्रात: 7:00 बजे से 108 स्वर्ण, रजत एवं काष्ठ निर्मित सुदर्शनीय रथों पर श्री जी विराजमान कर 2 किलोमीटर लंब भव्य शोभा यात्रा निकली। विजयनगर स्क्वायर से प्रारंभ शोभायात्रा एलआईजी चौराहा, पाटनीपुरा से आस्था टॉकीज के सामने से होते हुए 5 घंटे भ्रमण करने के बाद पुन: विधान स्थल विजयनगर चौराहा पर पहुंची जहां शोभा यात्रा का समापन हुआ।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि शोभा यात्रा में सम्मिलित रथों में विधान पुण्यार्जक श्रीजी को रथ की वेदी में विराजमान कर सारथी बनकर बैठे शोभायात्रा में भजन मंडलीयां भजन गाते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के लोक नृत्य कलाकार नृत्य प्रस्तुत करते हुए एवं संगीतकार, बैंड बाजे, और विभिन्न शहरों से आए दिव्य घोष सुमधुर धुन एवं संगीतमय श्वर लहरियां गुंजायमान करते हुए, भक्ति करते हुए हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित हुए शोभा यात्रा में मुनि संघ के साथ हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, त्यागी वृति, ब्रह्मचारी भैया, बहने, सोशल ग्रुप, महिला मंडल, नगर में स्थापित जैन मंदिरों के पदाधिकारी गण एवं समाजजन भी पैदल चलते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुए शोभा यात्रा में देश के भामाशाह और महादानी परिवार का गौरव अर्जित कर चुके आर के मार्बल ग्रुप के अशोक पाटनी परिवार भी स्वर्ण रथ में विराजमान थे। इंदौर नगर का विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण रथ के सारथी बनने का इंदौर नगर के गौरव शाली कासलीवाल परिवार ने सोभाग्य प्राप्त किया शौभा यात्रा का जगह-जगह बने विभिन्न समाज संगठनों के स्वागत मंचों से स्वागत किया गया और परम पुज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी का पाद प्रक्षालन कर आरती की गई।

## अभियान :19 नवंबर को शहर के 700 सार्वजनिक शौचालयों पर 1 लाख सेल्फी का लक्ष्य

**इंदौर, नप्र।** स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ल ने बताया कि महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के क्रम में वाटर प्लस और सेवन स्टार सर्टिफिकेट प्राप्त करने को लक्ष्य लेकर शासन की गाइडलाइन अनुसार विश्व शौचालय दिवस (वर्ल्ड टॉयलेट डे) पर 19 नवंबर को निगम प्रशासन सौचालय सुपरस्पॉट अभियान के तहत शहर के 700 से अधिक शौचालय/ मूत्रालय में सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सेल्फी कार्यक्रम रखा गया है। इस अभियान का उद्देश्य शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और मेंटेनेंस को प्रोत्साहित करना है।

इस दिन शहर के 700 सार्वजनिक शौचालयों पर 1 लाख सेल्फी लेने का लक्ष्य रखा गया है। नागरिकों को सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग और उनकी स्वच्छता पर फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## 5 लाख 65 हजार रुपये मूल्य की मदिरा एवं सामग्री जप्त, 13 प्रकरण कायम



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग के द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे ने बताया कि आबकारी अमले द्वारा महू के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई।

उन्होंने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री रामचरण डाबर, श्री गोपाल यादव व श्रीमती विनीता सागर के नेतृत्व में आज वृत महू एवं वृत्त देपालपूर के आबकारी अमले द्वारा महू के दतोदा, पड़ाव, जोशी गुराडिया, सिमरोल आदि क्षेत्रों में दबिश देकर प्लास्टिक के ड्रमों में भरकर छिपा कर रखी हाथभट्टी मदिरा एवं महुआ लहान जिसमें 42 लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई।

आबकारी अमले ने 5500 किलो ग्राम महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्ट भी कराया। म.प्र आबकारी अधिनियम की धारा 34((1) क एवं 34(एफ) के तहत 13 प्रकरण कायम किए गए।

जप्त मदिरा व सामग्री का अनुमानित मूल्य 5 लाख 65 हजार रुपये है। इस कार्रवाई के दौरान आबकारी उप निरीक्षक अमर सिंह बघेल, मनीष राठौर, आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश पुरोहित, आरक्षक सावन सिसोदिया, अजय चंद्रवाल, हुकुम सिंह व रीना भिड़े उपस्थित रहे।

**Notice for Manufacturing and sale of 100% Water Soluble Mixture Fertilizer**

We are pleased to inform the general public that with reference to the order No. 2900(E) dated 24th October 2015 issued by ministry of Agriculture and Farmer Welfare and amendment thereafter, Mankind Agritech Private Limited will commence the manufacturing and sale of 100% water soluble mixture fertilizer BLUE SURE in the state of Madhya Pradesh.

The product specifications are given below.

| Composition | BLUE SURE |
|---|---|
| Potash (K) as Potassium Oxide (K2O) | 25.0% |
| MinimumNitrogen (N) as Nitrate (No2) | 5.0% Minimum |
| Copper (Cu) | 10.0% |
| MinimumSulphur (S) | 7.0% Minimum |

MANKIND AGRITECH PVT. LTD.

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

विभिन्न कार्ये

No. W/623/5/1/NIT दिनांक: 13.11.2024

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| Sr. No. | ई-टेण्डरिंग सं. व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2024-25-115 DHD RSW:- Repair to North Light glass, Downtake Pipe and Structural Painting work at Various workshop. | ₹ 1,14,44,644.75/- | ₹ 2,07,300.00/- |
| 2 | RTM-2024-25-116 Godhra-Nagda section:- Through Sleeper Renewal TSR(P) 60.15 Tkm by PQRS. | ₹ 16,69,79,679.82/- | ₹ 9,84,900.00/- |

अनुमानित मात्रा: As per tender schedule कार्य समापन अवधि: Sr. No.1: 9 माह Sr. No. 2: 24 माह सिमीलर टाईप ऑफ वर्क: Sr. No.1 : Any Civil Engineering Work Sr. No. 2: Any Track Work वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:12.11.2024 प्रत्येक के लिए निविदा खुलने की तिथि: 05.12.2024 प्रत्येक के लिए ● विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाईट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

SPAN/5/1/304

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया

## बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन

सुनिल मुनिया

**बेटमा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय अयोध्या बस्ती में खण्ड का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिसमें मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र पंचोली ने कहा कि श्री राम को शबरी से कोई अलग नहीं कर सकता ना ही शबरी को श्री राम को कोई अलग कर सकता है। भगवान बिरसा मुंडा के ईसाई होने के बाद जब उन्होंने ईसाई अंग्रेजों द्वारा हिंदू समाज में आदिवासियों को अलग करने के षड्यंत्र को समझा तब उन्होंने अपनी धरती अपना राज का नारा देते हुए पुन: ईसाई बन चुके हजारों आदिवासियों को सनातन हिंदू परंपरा में वापसी कराते हुए अलगुनान का नारा दिया। आज भी देश में कई लोग हिंदू समाज को तोड़ने का षड्यंत्र कर रहे हैं लेकिन इनके षड्यंत्र सफल नहीं होंगे आदिवासी जनजाति समाज प्रकृति पूजक रहा है और सनातन का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ठकुराइन मीराबाई के गुरु संत शिरोमणि रविदास जी महाराज हो महाराणा प्रताप के संघी साथी पुंजा राणा भील हो इन्हें कोई भी अलग नहीं कर सकता।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षाविद ठाकुरलाल मारसाहब ने की।

कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र डावर ने किया। इस अवसर पर खण्ड संघचालक गोविंदसिंह यादव, अजय जैन, अनिल परमार, मदनलाल चौहान,बशंकर चौहान, बबलू डावर, गोपाल डावर, पार्षद मुकेश कटारा, अजय डावर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 18 नवंबर से वार्डवार शिविर आयोजित होंगे

**इंदौर, (विनय उजाला)।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 18 नवंबर से शहर में शिविर लगाए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को वार्डवार शिविर का आयोजन करने के लिए आवश्यक दायित्व सौंपे गए है। कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों से इन शिविरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवाने का आह्वान किया है।

**पश्चिम रेलवे**

निर्माण कार्य

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 आमंत्रित करता है **निविदा संख्या : Dy.CE(C)II/BRC/DB-SMLA/08. कार्य का नाम : पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल पर एमवाईजी-डीबी-एसएमएलए जीसी (96.46 किमी) परियोजना के बीच आमान परिवर्तन के संबंध में प्रस्तावित लोटना स्टेशन (बी-क्लास) पर स्टेशन भवन, कवरिंग शेड, यात्री/माल प्लेटफार्म यात्री सुविधाएं, फुट ओवर ब्रिज, विद्युत/एस एंड टी संरचनाओं के सेवा भवनों का निर्माण, स्टाफ क्वार्टर, सर्कुलेटिंग एरिया, आरसीसी रोड, आरसीसी ओवर हेड टैंक, यार्ड ड्रेन और अन्य विविध कार्य। कार्य की अनुमानित लागत : 17,44,61,360.22/- ईएमडी : 1022300/- बोली लगाने के लिए ऑनलाइन निविदा उपलब्ध : 21.11.2024 को 11.00 बजे से 06.12.2024 को 15.00 बजे तक।** अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

0747

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

ओएचई कार्य

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे, डीआरएम कार्यालय, एनेक्सी बिल्डिंग तीसरी मंजिल, दो-बत्ती रतलाम (म.प्र.) 457001 आमंत्रित करता है **निविदा सूचना संख्या : EL-C-RTM-2024-06-T. कार्य का नाम : पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के दाहोद इंदौर के बीच नई लाइन कार्य के संबंध में दाहोद यार्ड संशोधन कार्य के तहत 25 केवी एसी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। अनुमानित मूल्य : 4,29,08,889.79/- बोली जमा : 3,64,600/- ऑनलाइन बोली प्रारंभ तिथि : 22.11.2024 निविदा समापन तिथि : 06.12.2024, 15.00 बजे तक।** अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। कार्य समय के दौरान व्यक्तिगत रूप से या कार्यालय **टेलीफोन नं. 07412 233996 पर; संपर्क ई-मेल : dyceecrtm@gmail.com.**

0746

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय कलेक्टर (खनि-शाखा) जिला खरगोन (म.प्र.)**

क्रमांक 1897/खनिज/24 खरगोन, दिनांक : 12/11/2024

**म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक श्री रौनक सिंघल नि-50, PU-4 COMMERCIAL VIJAY NAGAR INDORE (M.P.)** द्वारा उत्खनिपट्ट प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23.09.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1499 दिनांक 24/09/2024 से प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: दिनांक 30/11/2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खरगोन | भीकनगांव | दौडवा | 411/1 | 15.551 हे. | शासकीय भूमि | पत्थर गिट्टी तथा एम-सेण्ड का उत्खनिपट्टा | - |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवदेन पत्र में आवेदित पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो प्रथम आवेदक के पक्षे में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी-19038/24

प्रभारी अधिकारी
(खनिज-शाखा)
जिला-खरगोन (म.प्र.)

## समपार संख्या 241 से दो दिन आवागमन बंद

**रतलाम (विनय उजाला)।** सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर खराब हुए फ्लोरिंग को सुधार का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रतलाम मंडल के अंतर्गत पालिया-लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 241 (486/16-487/1 किमी) पर रोड रिपेयरिंग कार्य को ध्यान में रखते हुए मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण 18 नवम्बर, 2024 को सुबह 9.00 बजे से 20 नवम्बर, 2024 को रात्रि 21.00 बजे तक समपार संख्या 241 से सड़क उपयोगकर्ताओं का आवागमन बंद रहेगा। असुविधा से बचने के लिए सड़क उपयोगकर्ता इस दौरान बाणगंगा व सुपर कॉरिडोर रोड ओवर ब्रिज का उपयोग कर सकते हैं।

## केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 की छात्रा भाविका प्रजापत को राज्यपाल प्रमाण पत्र

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** नगर के सुभाष यादव भवन में बाल दिवस 14 नवंबर 2024 को आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया!

इसमें पूरे मध्य प्रदेश से 30000 विद्यार्थियों में से केवल 50 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया इंदौर से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 की छात्रा भाविका प्रजापत पिता रवि प्रजापत ने भाग लेकर राज्यपाल द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त किया कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के सुभाष यादव भवन में NHDC के प्रबंध निदेशक राजीव जैन और







मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश मंगू भाई पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ भाविका प्रजापत को सफलता के लिए केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के समस्त शिक्षकों द्वारा, परिवार जन और प्रजापति समाज संगठन द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनि-शाखा) जिला खरगोन (म.प्र.)**

क्रमांक 1891/खनिज/24 खरगोन, दिनांक : 12/11/2024

**म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक श्री रितेश पिता नेमीचंद कौशल नि-बड़वाह जिला खरगोन (म.प्र.)** द्वारा उत्खनिपट्ट प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 01.10.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1615 दिनांक 01/10/2024 से प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: दिनांक 30/11/2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खरगोन | बड़वाह | कदवालिया | 115/2 (एस) | 2.000 हे. | शासकीय भूमि | मुरूम का उत्खनिपट्टा | - |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवदेन पत्र में आवेदित पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो प्रथम आवेदक के पक्षे में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी-19065/24

प्रभारी अधिकारी
(खनिज-शाखा)
जिला-खरगोन (म.प्र.)

# शहर में भटकता गाँव का एक आदमी, जिसे बलराम कहते हैं

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में एक अनुपम साहित्यिक गोष्ठी 'बलराम की सर्जना' विषय पर आयोजित की संयोग से बलराम का जन्मदिन 15 नवम्बर को होना और कार्यक्रम उनकी शुभ उपस्थिति में हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ ललित निबन्धकार नर्मदा प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि साहित्य में प्रतीक भले बदल जाए पर आशय नहीं बदलते, वह इसी भाव के लेखक है बलराम व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों के उदाहरण है। मुख्य अतिथि डॉ. जवाहर चौधरी ने कहा कि बलराम




एक वरिष्ठ साहित्यकार के साथ स्थापित सम्पादक भी है। चेन्नई से आए डॉ. बी.एल. आच्छा ने उनकी तुलना ब्रह्मपुत्र से करते हुए कहा कि उनमें टकराने की असीम ताकत भी है।

इस अवसर पर बलराम की कुछ कृतियों पर पर्चे पढ़े गए। श्री मुकेश तिवारी ने 'चर्चित व्यंग्यकथाएं, सृष्टि उपाध्याय ने उन्हें समय का निडर लेखक, डॉ. अखिलेश राव ने कथा कहे बलराम पर बोलते हुए शहर में भटकता गाँव का आदमी बताया। डॉ. श्रीमती दीप्ति गुप्ता ने पाठक के दिल में नवीन सृष्टि करने वाला साहित्यकार बताया तथा कृति पालन हारे पर चर्चा की।

वीणा के सम्पादक श्री राकेश शर्मा ने आयोजन सन्दर्भ तथा बलराम के साहित्यिक कृतित्व पर चर्चा की।

इस अवसर पर समिति और हिन्दी परिवार इन्दौर तथा श्री विजय सुपेकर, अनिल त्रिवेदी आदि ने उनका अभिनन्दन किया। श्री बलराम ने 'माफ करना यार' के माध्यम से अपने उद्गार व्यक्त किए। अन्त में आभार प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में सर्वश्री सदाशिव कौतुक, प्रदीप नवीन, डॉ. शशि निगम, रामचन्द्र अवस्थी, उमेश पारेख, डॉ. मीनाक्षी स्वामी, विनीता सिंह चौहान, अविनाश जोशी, श्रीमती श्रोत्रिय, सतीश राठी आदि काफी संख्या में साहित्यकार सुधीजन उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर परिषद कांटाफोड़ जिला देवास (म.प्र.)**

E-mail : cmokantafod@mpurban.gov.in, Phone No. 07273-262227

क्रमांक/1934/न.प./2024 कांटाफोड़, दिनांक : 05/10/2024

**:: सार्वजनिक सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कांटाफोड़ जिला देवास में खुले में शौच में पेशाब मुक्त है। अत: नगर परिषद स्वयं को वार्ड क्रमांक 01 से क्रं. 15 तक **ODF++** घोषित करने जा रहा है। उक्त संबंध में कोई भी सहमति दावा आपत्ति स्वच्छता शाखा नगर परिषद कांटाफोड़ में 15 दिवस के अंदर कर सकता है।

आपत्तियों के निराकरण पश्चात निकाय को **ODF++** खुले में शौच व पेशाब मुक्त घोषित किया जाता है।

(कैलाशचन्द्र अमोदिया)
अध्यक्ष
नगर परिषद कांटाफोड़

(सुरेश पटेल)
उपाध्यक्ष
नगर परिषद कांटाफोड़

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कांटाफोड़

## सम्पादकीय

# भारत के आर्थिक प्रबंधकों के सामने एक कठिन चुनौती

वित्तीय बाजारों की चमक ही एकमात्र पहलू है, जिस पर भारत के आर्थिक उदय का सारा कथानक टिका हुआ है। वरना, निवेश-उत्पादन-वितरण की वास्तविक अर्थव्यवस्था किसी कोण से चमकती नजर नहीं आती। अब वित्तीय बाजारों पर भी ग्रहण के संकेत हैं।अक्टूबर में विदेशी पोर्टपोलियो निवेशकों (एफपीआईज) ने भारतीय बाजारों से लगभग 94,000 करोड़ रुपये निकाल लिए। यह अभूतपूर्व है। इसके पहले किसी एक महीने में एफपीआईज ने इतनी बड़ी निकासी नहीं की थी। कोरोना महामारी ने जब दस्तक दी थी, तब मार्च 2020 में इन निवेशकों ने 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड था। ताजा निकासी का नतीजा हुआ कि अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार सूचकांक में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम ने भारत के वित्तीय प्रबंधकों की चिंता बढ़ाई है। आखिर, वित्तीय बाजारों की चमक ही एकमात्र पहलू है, जिस पर भारत के आर्थिक उदय का सारा कथानक टिका हुआ है। वरना, निवेश-उत्पादन-वितरण की वास्तविक अर्थव्यवस्था किसी कोण से चमकती नजर नहीं आती।उलटे अब तो केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भी उपभोग एवं मांग गिरने की हकीकत को मान लिया है। अक्टूबर में वास्तविक अर्थव्यवस्था से जुड़े कारोबारी और यहां तक कि वित्तीय अखबार भी यह कहने को मजबूर हुए कि भारत में मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है। जबकि दुनिया में जो भी देश विकसित हुए है, उनकी आर्थिक समृद्धि मध्य वर्ग के विस्तार पर टिकी रही है।

भारत में अब सामने यह है कि एकमात्र चमकते पक्ष पर भी ग्रहण लग रहा है। जानकारों ने इसके दो कारण बताए हैं। पहला यह कि भारतीय शेयर ओवरवैल्यूड हैं- यानी उनकी स्वाभाविक कीमत जितनी होनी चाहिए, उससे ज्यादा कर दी गई है। दूसरा, यह कि चीन प्रोत्साहन पैकेज देकर अपने शेयर बाजारों को संभाल रहा है, जिससे विदेशी निवेशकों को वहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद दिखने लगा है। नतीजतन, वे शेयर बाजार के अलावा ऋण बाजार से भी लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रुपए निकाल कर ले गए। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या इस महीने या आने वाले महीनों में ट्रेंड पलटता है। ऐसा नहीं हुआ, तो खासकर 2020 के बाद से शेयर बाजारों में बढ़ती गई चमक को बनाए रखना लगभग असंभव हो जाएगा। छोटे निवेशकों को इस क्रम में जो नुकसान हो रहा है, वह अलग है। कुल मिलाकर भारत के आर्थिक प्रबंधकों के सामने एक कठिन चुनौती आ खड़ी हुई है।

## आज का इतिहास... 17 नवम्बर

### विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है

द्वितीय विश्व युध्द के दौरान प्राग में घटी घटनाओं के कारण इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में चुना गया था। 17 नवंबर, 1939 को नाजियों ने प्राग के एक विश्वविद्यालय पर हमला किया था, इस हमले में नाजियों ने करीब एक हजार छात्रों को कैद कर लिया था। कई छात्रों को सम्मानित करना और आज के समय में छात्रों के सामने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**इस दिन को मनाने के पीछे कुछ और वजहें :**

- इस दिन को छात्रों के लिये शिक्षा के महत्व पर जोर देने के लिये मनाया जाता है।
- इस दिन दुनिया भर के छात्रों की उपलब्धियों और योगदान को सराहा जाता है।
- इस दिन को छात्रों की बाधाओं को दूर करने और सांस्कृतिक विभाजनों के पार बंधन बनाने की क्षमता का प्रतीक माना जाता है।



**शिवानी गुप्ता**

विनय उजाला

## प्रीतिभोज

क्या आप भी हैं सहमत अनुभव से मेरे ?
आज जब कोई जाता विवाह समारोह में
न देखे दूल्हा दुल्हन की सजावट कोई
सभी होते आत्ममुग्ध और आत्ममोह में
सब ही होते अपनी सैल्फी की होड़ में
एक दूसरे से दिखते सुन्दरता की दौड़ में
खाना दूजे का तो क्या पेट तो है आपका
किसी को तरीके से खाना भी नहीं आता
कोई ले लेता प्लेट में आइटम अनगिनत
उन्हें मात्र चखकर है फेंकता जाता
अपने घर में भले ही दो रोटी सब्जी खाए
प्रीतिभोज में खाने से प्रीत न निभाता
उपहारों में भी भिन्न-भिन्न श्रेणियां देखी जातीं
कद और पद का भी इसमें है ध्यान रखा जाता
किसी को देते रखा हुआ अन उपयोगी सामान
किसी को सोना चांदी हैं देते ससम्मान
प्रारंभ हो इक्यावन से, जाता पाँच सौ एक तक
सपरिवार पधारकर, खाएं खाना खूब छक



विनय उजाला

**डॉ नीलू शुक्ला समीर**
**भोपाल, मध्यप्रदेश**

## रोड अंडर पास निर्माण किये जाने के कारण समपार संख्या 1 से आवागमन बंद

**रतलाम (विनय उजाला)**। संरक्षा एवं गति को ध्यान में रखते हुए रतलाम मंडल के विभिन्न खंडों में समपार फाटकों के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज या रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इससे सड़क उपयोगर्ताओं को भी समपार फाटकों पर आने-जाने में सुविधा होगी। इसी क्रम में पश्चिम रेलवे रतलाम के राऊ-टिही सेक्शन में समपार संख्या 1 (किमी 2/9-3/0) के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इसके कारण 19 नवम्बर 2024 से अगले 9 माह तक समपार संख्या 1 से आवागमन सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद किया जा रहा है। असुविधा से बचने के लिए सड़क उपयोगकर्ता इस दौरान समपार संख्या 257 इंदौर महू -मुंबई आगर मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।

**दरअसल, 19-माह पुरानी तनावपूर्ण अशांति ने मणिपुर को वर्चुअली देशज रेखाओं में विभाजित कर दिया है और दोनों तरफ से विशाल विस्थापन हुआ है। अब यह केंद्रीय बलों की ज़िम्मेदारी है कि बफर के रूप में काम करें और शरारती तत्वों को नियंत्रित करें। लेकिन दो मुख्य कारणों से यह काम बहुत अधिक जटिल हो गया है।**

# मणिपुर में अफस्पा से नहीं साझी सियासी कोशिशों से हिंसा रुकेगी

विजय कपूर



विनय उजाला



मणिपुर के जिरिबाम पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव जैरावन में सशस्त्र घुसपैठियों ने न सिर्फ तीन बच्चों की 31-वर्षीय आदिवासी मां को थर्ड डिग्री यातनाएं दीं व उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया बल्कि ज़िन्दा जलाकर उसकी हत्या कर दी। यह 7 नवम्बर 2024 की घटना है, जिसके बाद से मणिपुर में, कुछ समय की तनावपूर्ण शांति के बाद, एक बार फिर से हिंसक वारदातें आरंभ हो गई हैं। इस देशज टकराव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 14 नवम्बर 2024 को मणिपुर के पांच जिलों- इम्फाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व, जिरिबाम, कंगपोकपी और बिष्णुपुर के छह पुलिस स्टेशनों को फिर से 'अशांत क्षेत्र' घोषित करते हुए, उनमें आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट, 1958 (एएफएसपीए) लगा दिया है। इस एक्ट को फिर से लागू करने का आधार यह बताया गया है कि राज्य में 'स्थिति अस्थिर' है और 'देशज हिंसा जारी है', इसके अतिरिक्त बिष्णुपुर-चुराचांदपुर, इम्फाल पूर्व व कंगपोकपी-इम्फाल पश्चिम और जिरिबाम के सीमांत क्षेत्रों में 'रुक-रुककर फायरिंग' हो रही है, गंभीर हिंसा की अनेक ऐसी वारदातें हुई हैं, जिनमें विद्रोही गुटों ने सक्रिय हिस्सेदारी की है। केंद्र ने लगभग 2,500 अतिरिक्त अर्द्धसैनिक राज्य में तैनात किये हैं। हालांकि हाल की हिंसक वारदातें जिरिबाम ज़िले में केंद्रित हैं, लेकिन इम्फाल घाटी और मणिपुर पहाड़ियों के बीच जो गहरा ध्रुवीकरण है उसे मद्देनज़र रखते हुए राज्य की असम्भव प्रतीत होती स्थिति में केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

गौरतलब है कि ग़ैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि वह मैतेई समुदाय की मांग की सिफारिश केंद्र को भेजे। इससे राज्य के आदिवासियों को लगने लगा कि उन्हें जो आरक्षण लाभ मिल रहे हैं, उनमें बहुत कमी आ जायेगी। इसलिए 3 मई 2023 को आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) ने आदिवासी एकता मार्च का आयोजन किया, जिसके बाद राज्य में हिंसा अचानक भड़क उठी, जो अभी तक नहीं रुकी है। बाल दिवस (14 नवम्बर) को जिरिबाम ज़िले में तीन महिलाओं व तीन बच्चों को अगवा किया गया। इसके विरोध में छात्रों ने अपनी अपनी शैक्षिक संस्थाओं के बाहर अनेक मानव श्रृंखलाएं बनायीं और अगवा किये गये व्यक्तियों की सुरक्षित रिहाई की मांग की।

दरअसल, 19-माह पुरानी तनावपूर्ण अशांति ने मणिपुर को वर्चुअली देशज रेखाओं में विभाजित कर दिया है और दोनों तरफ से विशाल विस्थापन हुआ है। अब यह केंद्रीय बलों की ज़िम्मेदारी है कि बफर के रूप में काम करें और शरारती तत्वों को नियंत्रित करें। लेकिन दो मुख्य कारणों से यह काम बहुत अधिक जटिल हो गया है। एक, मणिपुर पुलिस को ही एक पक्ष समस्या का हिस्सा समझता है, जबकि उससे उम्मीद की जाती है कि वह संयुक्त कमांड संरचना के तहत कार्य करे और केंद्रीय बलों का सहयोग करे। इस वजह से राज्य में केंद्रीय बलों के ऑपरेशन बाधित हुए। दूसरा यह कि केंद्र सरकार ने 2008 में 25 मिलिटेंट गुटों (जिनमें से अधिकतर पहाड़ों से संबंधित हैं) के साथ कार्यवाही स्थगन (सस्पेंशन ऑफ़ ऑपरेशंस) का समझौता किया हुआ है। इस समझौते की गरिमा को बनाये रखना महत्वपूर्ण है ताकि उत्तरपूर्व में विद्रोह के खिलाफ भारत सरकार ने जो लाभ अर्जित किया है उसे बरकरार रखा जा सके। इसलिए केंद्रीय बलों को अत्यधिक सावधान रहना पड़ेगा यह सुनिश्चित करने के लिए कि समझौता छिन-भिन्न न हो और ज़मीनी स्थिति अतिरिक्त जटिल न हो जाये।

मणिपुर में दोनों पक्षों ने अपने आप ही गांव रक्षा वालंटियर्स गठित किये हुए हैं। इनसे जूझना आसान नहीं है। इससे जटिलता की एक अन्य परत उत्पन्न हो गई है। अनेक मामलों में मणिपुर पुलिस पहाड़ों के वालंटियर्स को 'मिलिटेंटस' कहती है, जबकि पहाड़ी पक्ष घाटी के ऐसे वालंटियर्स (जिनमें सशस्त्र आरामबाई तेंग्गोल भी शामिल है) को 'मिलिशिया' कहता है। इस संदर्भ में 11 नवम्बर 2024 को जिरिबाम में हुई हिंसा को याद कीजिये। मणिपुर पुलिस का कहना है कि 10 'मिलिटेंटस' को मुठभेड़ में मार गिराया गया था, जबकि पहाड़ी पक्ष का कहना है कि वह वास्तव में वालंटियर्स थे जिन्हें यह सूचना मिली थी कि आरामबाई तेंग्गोल के सदस्य स्थानीय पुलिस स्टेशन में छुपे हुए हैं।

ज़ाहिर है इस पृष्ठभूमि में केंद्रीय बल कानून व्यवस्था बहाल करने में प्रभावी नहीं हो सकते जब तक कि मणिपुर पुलिस उसी तरह से काम करती रहेगी जैसा कि वह अब तक करती आ रही है। सेना ने भी मणिपुर पुलिस के अनेक आरोपों का खंडन किया है, जिनमें यह आरोप भी था कि पहाड़ी पक्ष ड्रोंस का इस्तेमाल कर रहा है। मणिपुर के मुख्यमंत्री के हाथ में संयुक्त कमांड की बागडोर देने से भी समस्या का समाधान नहीं होने का। इस सिलसिले में भारत सरकार को ही पहल करनी होगी। उसने जिस तरह संसद के माध्यम से दिल्ली सरकार के रूल्स ऑफ़ ऑपरेशंस को बदला वैसे ही कदम मणिपुर में कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए उठाने होंगे।

आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट फिर से लागू करने से दोनों केंद्र व राज्य को समवर्ती शक्तियां मिल जाती हैं, लेकिन इस कानून को लागू करना खतरे से भरा है। इससे जनाक्रोश व आलोचना के साथ ही जबरदस्त विरोध भी आरंभ हो सकता है। मणिपुर में इस कानून के विरोध में हिंसक आंदोलनों का लम्बा इतिहास है। सरकार का कहना है, चूंकि देशज हिंसा रुकने का नाम ही नहीं ले रही है इसलिए आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में वापस लाने के

अतिरिक्त कोई विकल्प ही नहीं था ताकि सेना सहित सभी सुरक्षा बल समन्वित प्रयासों से सशस्त्र शरारती तत्वों को सीमांत क्षेत्रों में नियंत्रित कर सकें। यहां यह बताना आवश्यक है कि 1958 से पूरा मणिपुर आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट के तहत था, लेकिन अगस्त 2004 में इम्फाल नगरपालिका क्षेत्रों को इसकी परिधि से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद अप्रैल 2022 में 15 पुलिस स्टेशनों और अप्रैल 2023 में चार अन्य पुलिस स्टेशनों को इसकी परिधि से बाहर किया गया। अब छह पुलिस स्टेशनों को एक बार फिर से इस कानून की परिधि में लाया गया है।

मणिपुर में स्थिति निश्चितरूप से चिंताजनक है। वहां पहली ज़रूरत शांति स्थापित करने की है। आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट फिर से लागू करने से कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो जायेगी, कहना कठिन है। वैसे बेहतर तो यह होगा कि सभी राजनीतिक पार्टियों का एक दल मणिपुर का दौरा करे और राज्य में स्थायी शांति का कोई रास्ता निकाले। दिलचस्प यह है कि सुरक्षा बलों ने भी इसी बात को दोहराया है कि इस समय मणिपुर में ज़रूरत राजनीतिक हस्तक्षेप की है और वह भी विशेषकर इसलिए क्योंकि आज देशज टकराव बहुत अधिक बढ़ गया है और सैन्य बल 'विकल्प नहीं है'। यह अपने आप में समझदारी भरा सुझाव है और इसलिए भी कि सेना इस क्षेत्र में अपने वर्षों के अनुभव से जानती है कि वह वास्तव में क्या कह रही है। मणिपुर में सेना लम्बे समय से तीन मुख्य समुदायों के विद्रोही गुटों से लड़ती आ रही है। इसबार उसने राज्य सरकार की आवश्यकता अनुसार मदद की है। सेना नेतृत्व का कहना है कि स्थिति काउंटर-इंसरजेंसी की नहीं बल्कि 'कानून व्यवस्था' की है।

**(लेखक सम-सामयिक विषयों के विश्लेषक हैं)**

# ठंड के मौसम में ऐसे करें नौनिहालों की देखभाल

प्रियंका सौरभ



चाहे हमें सर्दी पसंद हो या न हो, ठंड का मौसम आ रहा है और फरवरी तक रहेगा। जिस तरह हम गर्मियों के महीनों में रहने की कोशिश करते हैं, उसी तरह हमें सर्दियों के महीनों में भी गर्म रहने के लिए वही सावधानियाँ बरतनी चाहिए। अपने प्रियजनों, खासतौर पर अपने बच्चों को इस कठोर मौसम से बचाना बहुत जरूरी है। सर्दी से बचाने के लिए बच्चों को घरों में ही रखना विकल्प नहीं है क्योंकि संक्रमण और एलर्जी आपके घर में घुसने का रास्ता ढूँढ़ लेंगे, तो अपने बच्चों को ठंड के मौसम में सुरक्षित रखने के तरीके क्या हो सकते हैं?

1. गर्म रहें यह आपको बुनियादी लग सकता है, लेकिन गर्म रहना ज़रूरी है। बच्चों को टोपी, स्कार्फ़ और दस्ताने के साथ गर्म, वाटरप्रूफ कोट पहनना चाहिए। बच्चे वयस्कों की तुलना में तेज़ी से शरीर की गर्मी खो देते हैं। इसलिए, सुनिश्चित करें कि बच्चा हर 30 से 40 मिनट में घर के अंदर ब्रेक ले रहा है।

2. सर्दियों में अपने बच्चों को कैसे कपड़े पहनाएँ- शिशुओं और छोटे बच्चों वाले माता-पिता को चाहिए, बच्चों की ज़रूरतों के हिसाब से सर्दियों के कपड़ों को एडजस्ट करें। शिशुओं और छोटे बच्चों को कपड़ों की एक और परत पहनाएँ क्योंकि वयस्क भी उन्हीं परिस्थितियों में कपड़े पहनेंगे। ठंड के संपर्क में कम से कम रहें। शिशुओं और छोटे बच्चों में वयस्कों की तरह ठंड सहन करने की क्षमता नहीं होती है। सुनिश्चित करें कि बच्चा बाहर कम समय बिताए सर्दियों के सामान पहनने की कोशिश करें। गर्म जूते, दस्ताने या स्कार्फ और टोपी पहनना न भूलें जो आपके बच्चों और शिशुओं की सेहत के लिए बहुत बड़ा बदलाव लाते हैं। घर का फ़र्श भी बहुत ठंडा होता है, मोज़े पहनने के बाद भी, बच्चों के लिए घर पर जूते रखना बेहतर होता है। फ्रॉस्टनिप और फ्रॉस्टबाइट के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। सुनिश्चित करें कि दस्ताने सूखे और गर्म हों और नाक बहुत लाल न हो।

3. सर्दियों में फ्लू और जुखाम से बचने का एक आसान तरीका- यह एक आम मिथक है कि ठंड के मौसम में जुकाम होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। फ्लू मुख्य रूप से वायरस के कारण होता है। जब बच्चे स्कूल में होते हैं और नज़दीकी संपर्क में होते हैं, तो वायरस फैलने की आशंका और भी ज़्यादा होती है, आमतौर पर श्वसन बूंदों और बाहों के ज़रिए। फ्लू संक्रमण में श्वसन रोग ज़्यादा आम है। फ्लू के टीके (खासकर छोटे बच्चों के लिए) के लिए सभी सामान्य सावधानियों का पालन करके खुद को सुरक्षित रखें।

### सर्दी और फ्लू से बचने के लिए बच्चों को ये करने के लिए कहें-

साबुन और पानी का इस्तेमाल करें। अक्सर, हाथ धोने से कीटाणुओं का प्रसार कम होता है। खांसने, छींकने, खिलौने शेयर करने और खाने से पहले नियमित रूप से अपने हाथ धोएँ। बच्चे को अपना मुंह ढकने के लिए कहें। कोहनी मोड़कर छींकने या खांसने से भी कीटाणुओं के प्रसार को रोकने में मदद मिलती है। अप टू डेट टीकाकरण। फ्लू के टीके (छह महीने से बड़े बच्चों के लिए) सहित हमेशा अपने टीके अपडेट करें।

**4. अपने बच्चे को हाइड्रेटेड रखें :** अगर आप ठंडी और शुष्क हवा में खेलते हैं, तो आप आसानी से तरल पदार्थ लेना भूल सकते हैं। भले ही आपको पसीना न आए, लेकिन आपको निर्जलीकरण का ख़तरा होगा। बच्चों को खेलने से पहले, खेलने के दौरान और खेलने के बाद खूब पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को वयस्कों की तुलना में ठंडे तापमान में निर्जलीकरण का अधिक ख़तरा होता है। बच्चे को बहुत सारे गर्म तरल पदार्थ जैसे गर्म पानी, गर्म हल्दी वाला दूध, कॉफी और चाय आदि पिलाएँ।

**5. सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें :** हालाँकि सर्दियों में यह अजीब लग सकता है, लेकिन आपको घर के अंदर खेलते समय सनस्क्रीन लगाना होगा। बर्फ के टुकड़े आपके चेहरे पर सूरज की रोशनी को परावर्तित करते हैं। चेहरे को सनस्क्रीन से ढँकें और अपने होठों पर सनस्क्रीन के साथ थोड़ा लिप बाम लगाएँ (भले ही बाहर बादल छाए हों)।

**6. स्वस्थ पोषण को बढ़ावा देता है:** सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा स्वस्थ भोजन खाए। उनके आहार में सभी आवश्यक विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट शामिल करें, जो शरीर की रक्षा प्रणाली को मज़बूत करने के लिए आवश्यक हैं। अपने बच्चे को विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे संतरे, टमाटर, खरबूजे, पपीता और हरी पत्तेदार सब्जियाँ और पानी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे प्याज, ब्रोकली, फूलगोभी, पुदीना, अदरक आदि दें। नाश्ते में काजू, बादाम और पिस्ता जैसे सूखे मेवे दें, जो पौष्टिक होते हैं। बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रात में रोजाना शहद देना चाहिए।

**7. बच्चों को नियमित रूप से व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करें:** बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मज़बूत करने और उन्हें सर्दी और अन्य बीमारियों से बचाने के व्यावहारिक और सिद्ध तरीकों में से एक नियमित व्यायाम है। इसलिए उन्हें नियमित रूप से व्यायाम करने के लिए कहें, जिससे उन्हें ठंड के दिनों में अधिक ऊर्जावान महसूस करने में मदद मिलती है। उन्हें दौड़ने, जॉगिंग करने, साइकिल चलाने या रस्सी कूदने जैसी अपनी पसंद की चीज़ों का अभ्यास करने के लिए कहें और प्रोत्साहित करें।

**8. बच्चों को पार्क में मौज-मस्ती करने के लिए प्रोत्साहित करें:** सर्दियों के धूप वाले दिनों में, अपने बच्चे को नज़दीकी पार्क में ले जाएँ ताकि उन्हें गर्मी महसूस हो। उन्हें अपने दोस्तों के साथ साइकिल चलाने और बाहर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही, उनके लिए प्रतिस्पर्धा दौड़ भी करें, जैसे कि उनकी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए दौड़ना।

**9. बच्चे को घर के अंदर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें :** अगर ठंड और हवा है और अगर आप बाहर असहज महसूस करते हैं, तो अपने बच्चों को घर के अंदर ही छोड़ना बेहतर है। कभी-कभी, बहुत ठंडा मौसम बच्चों को बाहर खेलने से रोकता है। उन्हें सर्दियों के दिनों में दोस्तों के साथ घर के अंदर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को दिनभर टीवी के सामने बैठाने के बजाय उन्हें दिमागी शक्ति, बोर्ड गेम, क्राफ्ट, पहेलियाँ आदि दें ताकि वे गतिविधियों के प्रति उत्साहित रहें।

**10. नींद की दिनचर्या का पालन करें :** नींद की कमी आपके बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। सुनिश्चित करें कि बच्चे को सर्दियों में 8 घंटे की पर्याप्त नींद मिल रही है। साथ ही, अपने बच्चे को जगाने के लिए एक दैनिक दिनचर्या बनाएँ और उसे हर दिन इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें, चाहे वह स्कूल के दिन हों या छुट्टियाँ। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वे सर्दियों के दौरान आलसी हो सकते हैं और छुट्टियों में देर से उठ सकते हैं, जो स्कूल के दिनों में उनकी नींद के पैटर्न को प्रभावित कर सकता है। उन्हें सुबह जगाएँ और जॉगिंग या वार्म-अप करने के लिए पार्क में ले जाएँ।

सर्दियों में कई तरह की बीमारियाँ हो सकती हैं, खासकर बच्चों के मामले में, लेकिन अगर कुछ ख़ास टिप्स का पालन किया जाए तो इससे बचा जा सकता है। सर्दी आपके बच्चे के लिए मज़ेदार हो सकती है, खासकर अगर वे स्वस्थ और उत्पादक तरीके से समय बिताते हैं। इसलिए अपने बच्चे के लिए नीरस और उदास सर्दियों के दिनों को प्राकृतिक वातावरण का पता लगाने के लिए मज़ेदार समय में बदलें। बच्चे को कई तरह की मज़ेदार और सुरक्षित इनडोर और आउटडोर गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही, सुनिश्चित करें कि आप सभी सुझावों का पालन करें जो आपके बच्चे के समग्र स्वास्थ्य में योगदान करते हैं और सर्दियों के दिनों में बच्चे को सक्रिय और ऊर्जावान बनाए रखते हैं।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जल प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए बजाज एनर्जी और LPGC स्के CSR प्रयासों को मिला प्रतिष्ठित CII राष्ट्रीय पुरस्कार

विनय उजाला

**मुंबई, निप्र।** बजाज एनर्जी की शाखा, ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड (LPGCL) को बजाज फाउंडेशन के सी एस आर (CSR) कार्यक्रमों के तहत वर्ष 2024 में जल प्रबंधन के क्षेत्र में सुनिश्चित उत्कृष्टता के लिए CII राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त हुआ है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत LPGCL को बियॉन्ड द फेंस श्रेणी में सामुदायिक विकास, जल संसाधन प्रबंधन और सतत कृषि के क्षेत्र में अपने समर्पित प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जो बजाज समूह की जल-संरक्षण और टिकाऊ विकास के प्रति शानदार प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाता है।

बजाज फाउंडेशन द्वारा वर्धा और ललितपुर में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के ज़रिये जल संसाधन विकास के माध्यम से स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। LPGCL- EHS विभाग से पी. के. सिंह और बजाज फाउंडेशन, ललितपुर के राजेंद्र सिंह खतेड़िया ने इस महत्वपूर्ण सम्मान को स्वीकार किया, जो बजाज समूह की अद्वितीय दृष्टि और सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट प्रमाण है। बजाज समूह के संस्थापक जमनालाल बजाज की समाज सेवा और उदारता की महान विरासत को संजोते हुए, बजाज




फाउंडेशन अपनी ष्ट्स्क्रगतिविधियों के माध्यम से सतत विकास के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर है। इन प्रयासों के संदर्भ में LPGCL के CEO ए. एन. सार ने कहा, यह पुरस्कार हमारे समर्पित कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का सम्मान है। ललितपुर क्षेत्र में जल संसाधन, सतत कृषि, और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के हमारे प्रयास समुदाय के सतत विकास के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने समूची टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी है। इसी प्रकार राजस्थान के सीकर क्षेत्र में जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट (JKBT) द्वारा संचालित बजाज एनर्जी की जल पुनर्भरण और संरक्षण परियोजना को भी बियॉन्ड द फेंस श्रेणी में जल प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय परियोजना के रूप में मान्यता दी गई। जल पुनर्भरण और संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से सीकर की इस ष्ट्स्क्रपहल ने समुदायों को जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने और टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने में सहायता प्रदान की है। बजाज फाउंडेशन के देवेब्रत सिंह ने टीम की ओर से यह सम्मान स्वीकार किया। बजाज समूह के CSR अध्यक्ष हरीभाई मोरी ने इस अवसर पर कहा कि वर्धा, ललितपुर और सीकर में बजाज फाउंडेशन के सम्मिलित प्रयास बजाज समूह की सतत विकास और संसाधन प्रबंधन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि CII के ये सम्मान हमारे प्रयासों को और अधिक विस्तार देने की प्रेरणा देते हैं, ताकि हम ग्रामीण समाज में सार्थक और दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकें। बजाज फाउंडेशन के अंतर्गत बजाज समूह की CSR शाखा देश के विभिन्न हिस्सों जैसे राजस्थान के सीकर, महाराष्ट्र के वर्धा, और उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिलों में सामुदायिक विकास की दिशा में कार्यरत हैं।

जल संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, महिला सशक्तिकरण, नवीकरणीय ऊर्जा और शिक्षा के माध्यम से यह संस्था ग्रामीण जीवन में दीर्घकालिक सकारात्मक बदलाव और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मां नर्मदा की आरती के साथ महेश्वर में निमाड़ उत्सव का हुआ शुभारंभ

**खरगोन, निप्र।** संस्कृति विभाग एवं खरगोन जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पुण्य सलिला मां नर्मदा के किनारे बसी धार्मिक नगरी महेश्वर में 15 से 17 नवंबर तक तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव का





आयोजन किया गया है। प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा मां नर्मदा की आरती कर निमाड़ उत्सव का शुभारंभ किया गया ।इसमें विधायक श्री राजकुमार मेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, जनपद पंचायत महेश्वर के अध्यक्ष अशोक डाबर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अलका गजराज यादव, कमिश्नर दीपक सिंह, आईजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, संस्कृति विभाग के निदेशक श्री धर्मेन्द्र पारे, विक्रम पटेल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन शामिल हुए। विधायक राजकुमार मेव ने कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि महेश्वर में निमाड़ उत्सव के आयोजन से इस क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा । कमिश्नर दीपक सिंह ने कहा कि आने वाले समय में निमाड़ उत्सव में अधिक संख्या में स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाना चाहिए । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने इस दौरान बताया कि 2021 के बाद 2024 में निमाड़ उत्सव का आयोजन हो रहा है। प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप महेश्वर में अहिल्या लोक निर्माण के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### भारत स्काउट एवं गाइड्स म.प्र. एवं यूनिसेफ के सौजन्य से एक दिवसीय पैरेंटल केयर तथा जलवायु परिवर्तन कार्यशाला का आयोजन

**बड़वानी, निप्र।** नन्हे मुन्ने बच्चों की देख भाल को लेकर पैरेंट्स केयर, दुलार,कार्यक्रम के माध्यम से व परवरिश कार्यक्रम के माध्यम से माता-पिता से सतत संपर्क कर विद्यालय स्तर पर, कार्य संपादित होगा/ साथ में जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला का आयोजन यूनिसेफ कार्यालय भोपाल में दिनांक 15 नवंबर 2024 को कार्यक्रम का शुभारंभ




दीप प्रज्वलित कर इस प्रार्थना से मुख्य अतिथि अनिल गुलाटी जी ओ.आई.सी. ऑफिसर्स इंचार्ज अलका मल्होत्रा दिल्ली,से ऑफिसर्स मोनिका मौर्य, प्रोजेक्ट ऑफिसर्स भोपाल यूनिसेफ से नरेंद्र सिंह चौहान,बबलू गोस्वामी ,प्रोजेक्ट संचालक राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्लीराजेश प्रसाद मिश्रा राज्य सचिव भूतपूर्व भारत स्काउट एवं गाइड बी.एल.शर्मा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त,श्रीमती जानकी सिंह राज संगठन आयुक्त गाइड,जिले से जिला कोऑर्डिनेटर गणेश श्रीवास्तव,सुश्री तारेश्वरी भार्गव,शासकीय कन्या आश्रम बघाडी ने 15नवंबर 2024 को भाग लिया। जिस मे 13 जिलों का चयन किया ।बड़वानी भी चयनित है बालकों व बच्चों के व्यवहार से संबंधित जानकारी दी गई कार्यक्रम 3 भाग में संपादित होगा।

### निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन हुए कुश्ती के रोमांचक मुकाबले हुए

**खरगोन, निप्र।** लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में इतिहासिक आयोजन निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन 16 नवंबर को उत्कृष्ठ विद्यालय के मैदान पर कुश्ती के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। साथ ही अहिल्या घाट किला परिसर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान पर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, विक्रम यादव पार्षद एवं केनो सलालम जिला सचिव गौरव यादव, बबलू यादव विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश्वर बसंत वर्मा की उपस्थिति में किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता के अंतर्गत अलग-अलग वेट केटेगरी में महिला एवं पुरुष वर्ग के 16 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। रोमांचक्कारी मुकाबले में दर्शकों ने खूब तालियां बजाई एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। पुरुष वर्ग में 40 से 49 क्रिग्रा वेट केटेगरी में प्रथम स्था पर सचिन केवट, द्वितीय स्थान पर आर्यन धकाते रहे हैं। इसके साथ ही 60 क्रिग्रा वेट केटेगरी में मुकेश बाडुकिया प्रथम एवं महेश ओसारी द्वितीय स्थान पर रहे हैं। 60 किग्रा वेट प्लस ओपन में प्रथम लखन केवट एवं द्वितीय तपन पंवार रहे। महिला वर्ग में 49 वेट केटेगरी में दीपशिखा पटेल प्रथम एवं 50 वेट केटेगरी में हिना मालवीय प्रथम व द्वितीय स्थान पर अक्षरा पंवार रही। प्रतियोगिता में परमजीत बारसे द्वारा रैफरी की भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम में जिला खेल निरीक्षक हबीब मिर्जा बेग, खेल विभाग के समन्वयक जितेंद्र हिरवे, पंकज बरडे, नेहा कुशवाह, स्वाति शर्मा, रविन्द्र मिश्रा, संतोष भालसे, राकेश भालसे, निशांत सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### वनस्पति विज्ञान के प्रो. डॉ. भूपेन्द्र भार्गव ने कहा-भारतीय ज्ञान परम्परा की देन है जैविक खेती रसायन के अंधाधुंध प्रयोग ने मिट्टी की मुलायमता और सौंधेपन को समाप्त कर दिया

**बड़वानी, निप्र।** जैविक खेती की अवधारणा भारतीय है ।हमारे देश में हजारों वर्षों तक प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित जैविक खेती की गई है ।जैविक खेती भारतीय ज्ञान परंपरा की देन है। पश्चिम के प्रभाव ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग को बढ़ावा दिया है। इससे मिट्टी, पर्यावरण, स्वास्थ्य और उत्पादों की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। पहले हर किसान के पास पशु भी होते थे,जिससे गोबर खाद तैयार होता था ।मिट्टी में सूक्ष्म जीव की प्रचुरता होती थी ।रसायन के अंधाधुंध प्रयोग ने मिट्टी की मुलायमता और सौंधेपन को समाप्त कर दिया है ।जैविक खेती से दूर होकर हम कैसनर जैसी बीमारियों के नजदीक हो गए हैं ।एक हजार वर्षों तक विदेशी सत्ता के अधीन रहकर हम भारतीयता से परे हो गए हैं। अपने अतीत की गौरवपूर्ण उपलब्धियों को भूल गए हैं और विदेशों का अनुकरण कर रहे हैं। ये बातें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा जैविक खेती के महत्व पर आधारित संवाद में विचार व्यक्त करते हुए वनस्पति विज्ञान के प्रो. डॉ. भूपेन्द्र भार्गव ने कहीं। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशा साखी गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। बताए रासायनिक खेती के नुकसान डॉ. भार्गव ने विज्ञानसम्मत ढंग से रासायनिक खेती के व्यापक नुकसानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निरंतर रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करने पर कीटों में उनके विरुद्ध प्रतिरोध करने की क्षमता उत्पन्न हो जाती है ।उन पर कीटनाशक बेअसर हो जाता है।

# खरगोन जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र झिरन्या में 'जो नहीं पहुंचा हम तक, हम पहुंचे उन तक' की थीम पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

## 12 हजार 882 लोगों की 121 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांच की

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। इंदौर संभाग के कमिश्नर दीपक सिंह की पहल पर खरगोन जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र झिरन्या में 16 नवंबर को संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। झिरन्या क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक स्वास्थ्य शिविर रहा है। जिसमें 12 हजार 882 लोगों की जांच की गई है।**

इस शिविर में एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, मेडिकल कॉलेज खण्डवा, अरविंदों हॉस्पिटल इंदौर, ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर एवं खरगोन जिले के 121 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी।

एकलव्य विद्यालय परिसर झिरन्या में आयोजित शिविर के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संगीता नार्वे, उपाध्यक्ष श्री मनोज जायसवाल, पूर्व विधायक धुलसिंग डावर, श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ. एएस चौहान, इंदौर के कीट वैज्ञानिक डॉ. शर्मा, एसडीएम श्रीमती आकांक्षा करोठिया, जनपद पंचायत के सीईओ महेन्द्र श्रीवास्तव, अन्य जनप्रतिनिधि एव अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने शिविर के शुभारंभ अवसर पर बताया कि झिरन्या के इस शिविर के आयोजन में जिला प्रशासन के साथ में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, परिवहन, आबकारी, खनिज, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी कर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग किया है। यह शिविर झिरन्या एवं दुरस्थ आदिवासी क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। गरीब एवं आदिवासी समाज के लोगों को इलाज के लिए रुपए खर्च कर जिला मुख्यालय खरगोन, खण्डवा या इंदौर, बड़ौदा जैसे बड़े शहरों में जाना होता था। जिससे उन्हें शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक परेशानी को सामना करना पड़ता था और इसमें समय की बर्बादी भी होती थी। झिरन्या का यह शिविर ऐसे लोगों के लिए राहत भरा रहा है। उन्हें एक ही छत के नीचे सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिली है। इस शिविर में 12 हजार से अधिक लोगों का इंदौर, खण्डवा, बुरहानपुर एवं खरगोन से आए 121 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इस शिविर में स्कूली एवं छात्रावास के छात्र-छात्राओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में जिन लोगों की जांच की गई है और उन्हें फालोअप की जरूरत है तो ऐसे मरीजों के लिए एक यूनिक आईडी बनाई गई है। इस यूनिक आईडी के माध्यम से जिन चिकित्सकों ने उनकी जांच की है वे आगे भी उनका फालोअप लेते रहेंगे।





### 70 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने आय सीमा का बंधन समाप्त

भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष से अधिक की आयु के वृद्धजनों को शामिल किया गया है। 70 वर्ष से अधिक के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आय की सीमा का बंधन हटा दिया गया है। आयुष्मान कार्ड सुगमता से बनाएं जा रहे हैं। इसके लिए हितग्राही को केवल अपना आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल नंबर लेकर आना होता है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। शीघ्र ही ग्राम पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाएं जाएंगे। जिले में 70 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 90 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया ने इस अवसर पर बताया कि जो नहीं पहुंचा हम तक, हम पहुंचे उन तक इस थीम को लेकर झिरन्या में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में 22 रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देने पहुंचे हैं। शिविर में विभिन्न प्रकार की 100 से अधिक जांचे करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस शिविर में पंजीयन के लिए 37 काउंटर बनाएं गए हैं। एकलव्य विद्यालय के आडिटोरियम हॉल में महिलाओं के जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई। इसी हॉल में 03 सोनोग्राफी मशीनों के द्वारा महिलाओं की जांच की गई है। शिविर में अरविंदों हॉस्पिटल की दांत, आंख एवं केंसर जांच के चलित ईकाई अपनी सेवाएं देने पहुंची है। इस शिविर में जांच के उपरांत मरीजों को नि :शुल्क दवाओं का वितरण किया गया है। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अलग से काउंटर रखा गया था।

## खलटाका पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले को पकड़ा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खलटाका पुलिस ने ए .बी. रोड किनारे सांई दरबार स्कूल ओर जाने वाले रास्ते पर ग्राम मुकुन्दपुरा में अवैध रूप से गाँजा बेचने वाले को पकड़ा , जिसने अपना नाम जयेश उर्फ भोला निवासी आनंदबैडी का होना बताया।

आरोपी के पास गाँजा रखने के संबंध मे वैध दस्तावेज अथवा लाईसेंस नहीं पाया गया। खलटाका पुलिस ने आरोपी जयेश उर्फ भोला को गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 15,000/- रुपये मुल्य का 01 किलो 270 ग्राम गांजा अपनी सुपूर्दगी में आरोपी जयेश उर्फ भोला के विरुद्ध बलकवाड़ा थाने अपराध क्रमांक 493/2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया ।

कार्रवाई में अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मंडलेश्वर मनोहर गवली बलकवाड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश यादव , खलटाका पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र अवास्या , सहायक उपनिरीक्षक



अशोक नैयर, सहायक उपनिरीक्षक जोगेन्द्र पाटीदार, प्र.आर.129 धनसिंग पवार, आर.798 नीरज यादव,आर.269 पंकज शर्मा, आर.857 देविसिंग चौहान, आर.460 राकेश चौहान, आर.813 नरेन्द्र जाट, आपरेटर अजय सोलंकी व अनिल मोगरे शामिल थे।

## समाजसेवी स्व. भुवानीराम बड़ाजी भमोरिया की स्मृति में परिवार ने दिया लाखों का दान

अनिल चौधरी

**सनावद।** खरगोन जिले के डुड़गांव में स्वर्गीय भुवानीराम बड़ा जी भमोरिया की स्मृति में उनके परिवार द्वारा लाखों रुपये का दान दिया गया। उनके पुत्र रामेश्वर और मयाचंद भमोरिया ने लगभग 4 लाख रु और उनके रिश्तेदारों ने 1 लाख रु का दान समाज में दिया।

सनावद में गुर्जर समाज की स्कूल निर्माण में 11111 रुपये की राशि और रेवा गुर्जर मांगलिक भवन डुड़गांव में 51 हजार रुपये की राशि परिवार द्वारा दान दी गई। इसके अलावा स्वर्गीय भुवानीराम भमोरिया व उनके परिवार ने समाज के विभिन्न संगठनों, धर्मशालाओं, गौशालाओं, अनाथ आश्रम, मंदिरों और धार्मिक स्थानों में भी दान राशि दी। स्वर्गीय श्री भुवानीराम भमोरिया



समाजसेवी होने के साथ मंडी अध्यक्ष, सरपंच सहित अनेक राजनीतिक पदों पर रहकर भी सेवाएं दी हैं। गुर्जर समाज में भी सामूहिक विवाह समिति, निर्धन शिक्षा सहायता कोष सहित अनेक संगठनों में भी उनके सुपुत्र समाजसेवी रामु सेठ निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। ज्ञात हो निमाड़ के कई गाँवों में गुर्जर समाज ने मृत्युभोज में मिठाई,शादियों में डीजे, पटाखे,लेन देन सहित कई फिजुलखर्चों पर पाबंदी लगा दी हैं और दान देने की परंपरा और बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने को बढ़ावा दिया जा रहा हैं।

### विधायक सचिन बिरला ने दिए गाँव में 10 लाख

स्वर्गीय श्री भुवानीराम जी भमोरिया की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में बड़वाह विधायक सचिन बिर्ला ने भी स्वर्गीय भुवानीराम बड़ा जी भमोरिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने पिता स्वर्गीय श्री अमराजी बिर्ला व स्वर्गीय भमोरिया की स्मृति में अपने गृहग्राम डुडग़ांव में गुर्जर समाज की धर्मशाला में 6 लाख रु,गाँव के मुक्तिधाम में 3 लाख रु और निर्धन शिक्षा सहायता कोष में एक लाख रु की दान राशि दी। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रनिधि इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष व पूर्व विधायक जगदीश मोराण्या, राजनारायण सिंह, नरेंद्र पटेल, सेवादास पटेल, इन्दर बिर्ला, रामेश्वर सिनगुने, पुनाजी मण्डलोई, जगदीश शाह, शोभाग पटेल, राधेश्याम मोंतारी, जितेंद्र, अजय व संदीप भमोरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजजनो ने स्व.भमोरिया को श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

## बड़वानी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, जब्त किया 1 किलो 755 ग्राम गांजा

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** घटना का संक्षिप्त विवरण:-श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बडवानी श्री जगदीश डावर ने जिले के सभी थाना प्रभारीयों को शराब माफिया,भू माफिया,खनन माफियाओं एवं अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले माफियाओं के विरूध्द कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है ।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बडवानी के दिशा निर्देशन में तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अनिल



पाटीदार, एसडीओपी महोदय बडवानी श्री दिनेशसिंह चौहान, के मार्गदर्शन में थाना बडवानी पुलिस के व्दारा माफियाओं के विरुध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है ।इसी परिपेक्ष्य में दिनाँक 15.11.2024 को बडवानी पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर ने सुचना दिया की संतोष जाधव नाम का व्यक्ति जो काली टोपी व काली टीशर्ट हुड्डी वाली पहना है ।राजघाट रोड पर गांजा बेचने की फिराक में घुम रहा है ।सुचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बडवानी दिनेशसिंह कुशवाह ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को सुचना की तस्दीक करने हेतु रवाना किया गया । बडवानी पुलिस टीम मुखबीर व्दारा बताये स्थान राजघाट रोड शमशान के पास पहुँची जहां एक व्यक्ति मुखबिर व्दारा बताये हुलिये का पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकडा नाम पता पुछते अपना नाम संतोष पिता प्रेमलाल जाधव उम्र 26 साल निवासी कनासिया फलिया ग्राम थिगली थाना सेंधवा ग्रामीण का होना बताया जिसकी तलाशी लेते उसके पास एक प्लास्टिक की थैली को चेक करते उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसका वजन करते कुल 01 किलो 755 ग्राम किमती 30,000/-रूपये का होना पाया गया।

## शाला से अनुपस्थित रहने पर मोगांवा के शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े ने बड़वाह विकासखण्ड के शासकीय माध्यमिक शाला मोगांवा के प्रधान पाठक एवं दो माध्यमिक शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि शाला में विलंब से आने एवं बिना सूचना के शाला से अनुपस्थित रहने के कारण क्यों न उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाए और अनुपस्थित अवधि का वेतन काटा जाए। इन शिक्षकों को दो दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। ग्राम पंचायत मोगांवा के सरपंच द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे दूरभाष पर शिकायत की गई कि माध्यमिक शाला मोगांवा के प्रधानपाठक परसराम चौहान, माध्यमिक शिक्षक रायसिंह कनासे एवं संजीव पंवार विलंब से शाला आए हैं और पिछले दो-तीन दिनों से शाला से अनपुस्थित रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रधानपाठक परसराम चौहान एवं माध्यमिक शिक्षक रायसिंह कनासे व संजीव पंवार को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है।

### एनएसएस, उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या विद्यालय तथा करियर सेल ने नृत्य नाटिका से प्रस्तुत किया भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष

# भगवान बिरसा मुंडा का गौरवपूर्ण इतिहास हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है ।भगवान बिरसा मुंडा ने पच्चीस वर्ष की ज़िंदगी में देश की आज़ादी के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया ।उन्होने तत्कालीन समाज की अनेक बुराइयों के विरुद्ध भी सफ़लतापूर्वक कार्य किया।**

उनका गौरवपूर्ण इतिहास हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है ।ये बातें जिला स्तरीय भगवान बिरसा मुंडा जन्म जयंती समारोह जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुये बड़वानी खरगोन लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल ने कहीं। इस अवसर पर विशेष अतिथि बड़वानी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राजन मंडलोई ने कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि भगवान बिरसा मुंडा को आज पूरे देश के लोग जानने लगे हैं। उनका योगदान सदैव स्मरण रखने योग्य है। वनवासी कल्याण परिषद के आशीष मेहरा ने जनजातीय वीरों के योगदान की जानकारी दी।

### प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के उद्बोधन सुने

सर्वप्रथम शहडोल एवं जमुई बिहार में आयोजित हो रहे मुख्य आयोजन का लाइव प्रसारण हुआ ।इसमें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी,मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल और मध्यप्रदेश के




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया। भगवान बिरसा मुंडा और जनजातीय वीरों के योगदान को रेखांकित करते हुये इस अवसर पर कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री बर्मा सोलंकी, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी सुश्री काजल जावला और बड़वानी एसडीएम श्री भूपेंद्रसिंह रावत, बड़वानी जिला महामंत्री श्री विक्रम चौहान,अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आशा साखी गुप्ता सहित गणमान्य नागरिक और पाँच सौ से अधिक युवा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### हितग्राही हुए लाभान्वित

प्रधानमंत्री आवास योजना और भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को सहायता राशि और ऋण प्रदान किये एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। नवचयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। आजीविका मिशन की दीदियों को प्रशंसा पत्र दिये गये।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जमाया रंग

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के योगदान और आदिवासी संस्कृति को अभिव्यक्त किया। करियर सेल के कार्यकर्तागण प्रीति गुलवानिया, वर्षा शिंदे, वर्षा मालवीया और वर्षा मुजाल्दे ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आयोजन में बीईओ बड़वानी श्री एआर मुजाल्दे, क्षेत्र संयोजक श्री राहुल श्रीवास्तव और करियर सेल के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह का किया जोरदार स्वागत



**हरसूद, निप्र।** जनजातीय कार्यमंत्री डॉ कुंवर विजय शाह के पुत्र एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य षाह का षनिवार दोपहर नया हरसूद-छनेरा के वार्ड क्रमांक 9 में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पष्चात वापस लौटते समय सडियापानी मार्ग पर वार्ड क्रमांक 9 में षब्बीर पार्षद के कार्यालय पर दिव्यादित्य शाह का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता कमल खंडेलवाल, भावेष नागडा, प्रीतम डोटवा, अभिषेक पगारे, सलमान खान, आशीष प्रजापति, संतोष मौर्य आदि मौजूद थे।

### विधायक डॉ पांडेय के प्रयास से लेपटॉप की राशि शीघ्र मिलेगी




**रतलाम, निप्र।** विगत कई माह से लम्बित मेधावी छात्र योजना अंतर्गत लेपटॉप की राशि जावरा विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रयासों से शीघ्र मिल सकती है। जिले के डेढ़ हजार से अधिक छात्र छात्राओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की महत्वपूर्ण मेधावी छात्र योजना के तहत हायर सेकेंडरी परीक्षा के प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर लेपटॉप हेतु 25 हजार रु की राशि प्रदान की जाती है। इस बार तकनीकी कारणों से यह राशि छात्रों को नही मिल पाई थी। जिले के विभिन्न छात्रों की इस कठिनाई पर विधायक डॉ राजेंद्र पाण्डेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह को भेंट कर अवगत कराया। बीते दिनों इस मामले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विधायक डॉ पांडेय को आश्वस्त किया था कि बच्चों की यह कठिनाई शीघ्र दूर कर दी जाएगी। विधायक डॉ पांडेय के प्रयासों से प्रदेश के 90 हजार से अधिक एवं रतलाम जिले के डेढ़ हजार से अधिक छात्र छात्राओं को लैपटॉप की राशि शीघ्र मिल जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव के निर्देश जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक डॉ पांडेय ने उनके एवं शिक्षा मंत्री सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 12 घंटों में जिले में सड़क हादसों में पांच की मौत



**रतलाम, निप्र।** जिले में मात्र 12 घंटे के अंदर ही 5 लोगों की सड़क हादसों में मौत हो गई। एक के बाद एक हाईवे और शहर-गांव की सड़कों पर युवाओं ने दम तोड़ दिया। धामनोद बायपास मार्ग पर शुक्रवार रात को एक मोटरसाइकिल चालक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटना समय रात्रि 9-45 बजे लगभग हुई जिसमें बाईक सवार की मौत हो गई। पुलिस सूचना पर पंहुची और शव का पीएम शनिवार सुबह करवाने के बाद उसे परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश भी शुरु कर दी है। जिले बाजना तहसील के गांव घोड़ा खेड़ा में भी शुक्रवार रात करीब 11 बजे दो बाइक की आमने-सामने से आपस में भिड़ंत हो गई। इसमें तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। यहां भी सूचना पर पुलिस पंहुची और शनिवार को पीएम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। घायल का इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। अन्य हादसा शनिवार सुबह रतलाम-जावरा फोरलेन पर हुआ। यहां इप्का इंडस्ट्री और रिलायंस पेट्रोल पम्प के बीच बाइक सवार को बड़े वाहन ने टक्कर मार दी। संबधित थाना पुलिस सूचना पर पहुंची और युवक के शव को पीएम के लिए भेजा गया।

### परिवहन विभाग का सघन जांच अभियान, 8 ऑटो रिक्शा जब्त

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भव्या मित्तल के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों एवं ऑटो-रिक्शा की जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज विभाग द्वारा शहर में संचालित लगभग 75 ऑटो रिक्शा एवं यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान अवैध संचालन करने एवं वाहन में परमिट, फिटनेस, बीमा, ड्रायविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र ना होने की दशा में 8 ऑटो रिक्शा जब्त कर परिवहन कार्यालय, बुरहानपुर में खड़े किये गये है। जिनकी चालानी कार्यवाही की गई है।

# 24 साल की उम्र में देश समाज के कार्य में जुट गये थे, लड़ी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई बिरसा मुंडा ने : रूप सिंह नागर

## महापौर विधायक ने कार्यक्रम में शामिल होकर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत भी किया

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र। शहर में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्व समाजजन द्वारा पुरानी अनाज मंडी में भगवार बिरसा मुंडाजी की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जनजातीय कार्य के प्रांत संयोजक रूपसिंहजी नागर ने कहा कि जनजाति समाज का आजादी में बडा योगदान रहा है।**

राष्ट्र व धर्म के लिए भगवान बिरसा मुंडा 24 साल की उम्र में देश समाज के कार्य में जुट गये अंग्रेजों के खिलाफ बडा संघर्ष किया। क्रांतिकारियों में पूरे राष्ट में उन्हें भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाता है।





भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को गौशाला के माध्यम से गायों से जोड़ा,हनुमान मंदिर,शिव मंदिर बनाकर भगवान से जोड़ा, ऐसा करके बिरसा मुंडा ने लगभग ढेड़ लाख आदिवासियों को वापस सनातनी आदिवासी बनाया, इसलिए हम सभी बिरसा मुंडा को भगवान के रुप में पूजते हैं। उनकी पूजा उनकी अराधना करते है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णा वास्केल ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में हमारे युवा छोटे छोटे गांवों से निकलकर आज मुख्य पदों पर सेवायें दे रहे हैं।

मंच पर रामसिंग रावत, शालिनी दांगोरे मौजूद थी। इस दौरान पुरानी अनाज मंडी से शोभायात्रा निकली जो बाबा साहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात नगर भ्रमण करते हुए वापस अनाज मंडी में समापन किया गया। शोभयात्रा का नगर में सभी जनप्रतिनिधि व समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, अतिथि परिचय डॉ. महेंद्र मुजाल्दाजी ने कराया। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बडालकर ने किया। आभार मुरारी मौरेजी ने किया। इस दौरान मुकेश मौरे, आकाश गोरमांडे का विशेष सहयोग रहा।

मुख्य अतिथियों को जनजातीय कलाकारों द्वारा बनाये गये चित्र भेंट किये।शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित कीये, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गौरव दिवस के इस कार्यक्रम में खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष पटेल सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना, धर्मेंद्र बजाज, सुनील जैन, राजेश यादव, सोमनाथ काले, प्रकाश गोस्वामी, संदेश गुप्ता, ओम सिलावट, श्री मालाकार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और आयोजित शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।

# फोन करके कोई कहे आप वीडियो पर गिरफ्तार हैं तो डरें नहीं ये फर्जी लोग हैं

## साइबर अरेस्ट के नाम पर धोखाधड़ी से रहे सावधान, रतलाम पुलिस ने जारी की एडवाईजरी

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** कोई अननोन नंबर से फोन करके कहा कि आपको या आपको बच्चे कोई जेल पंहुचाने की बात कहे और पैसों की मांग करें तो घबराएं नहीं ये फर्जी कॉल हो सकता है। सायबर ठगी के नए नए तरीकों से लोगों को ठगने की साजिश हो रही है। कभी ये कहकर लोगों को फंसाया जा रहा है कि तत्काल आपके सभी नंबर पर नेटवर्क बंद हो जाएगा तो कभी ये कहकर कि आपके सभी खाते बंद हो रहे हैं।

ऐसे बढ़ते मामलों को देखते हुए एसपी अमित कुमार के निर्देशन पर एएसपी राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सायबर क्राइम सेल द्वारा आम लोगो को सायबर ठगी से बचाया जा रहा है। नए नए तरीकों के प्रति आम लोगो को जागरूक करने के लिए फ्राड से बचने के उपाय के बारे में एडवाइजरी जारी की गई। इसमें बताया गया कि भारतीय कानून में कही पर भी डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है। डिजिटल अरेस्ट सायबर अपराधियों द्वारा लोगों को डरा धमका कर धोखाधड़ी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट में स्कैमर्स स्वयं को पुलिस, ईडी, सीबीआई या इनकमटैक्स का अधिकारी बताकर फोन करते है। सोशल मीडिया अकाउंट्स या अन्य अन्य ओपन सोर्स से हमारी पर्सनल जानकारी जैसे हमारे कार्यक्षेत्र से जुड़ी जानकारी, परिवार के लोगों की जानकारी जुटाकर हमे बताते है।



RATLAM POLICE

"डिजीटल अरेस्ट" के नाम पर धोखाधडी से रहे सावधान

- डिजिटल अरेस्ट में स्कैमर्स स्वयं को पुलिस, ईडी, सीबीआई या इनकमटैक्स का अधिकारी बताकर फोन करते है।
- हमें किसी गंभीर अपराध में संलिप्तता बताकर जैसे हमने एक पार्सल पकड़ा है जिसमें ड्रग्स मिली है इस पर आपका नाम नंबर लिखा है, या आपके अकाउंट में इलीगल फंड आया है या आपके नाम का गिरफ्तारी वारंट है हम आपको डिजिटल अरेस्ट कर रहे है आपको फिर किसी माध्यम से वीडियो कॉल से जुड़ने के लिए कहा जाता है।
- आपको कहा जाता है कि आप डिजिटल अरेस्ट किए गए है अब आप वीडियो काल डिस्कनेंट नहीं कर सकते, यहां से कही जा नहीं सकते किसी से कोई संपर्क नहीं कर सकते। सायबर अपराधी आपको एक कमरे में बंद रहने के लिए धमकाते हुए मजबूर करते है।
- सायबर अपराधी वीडियो कॉल पर पुलिस की यूनिफॉर्म में दिखाई देते है। तथा हमें पुलिस कार्यवाही का डर दिखाकर पैसों की मांग करते है।
- हमारे देश में इस तरह से किसी भी प्रकार की पूछताछ, जांच, या गिरफ्तारी का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है, इस तरह के मामलों में निजी जानकारी ना दें, किसी भी हालत में पैसा कहीं भी ट्रांसफर ना करें, और मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दें।

वे लोग कहते हैं कि किसी गंभीर अपराध में संलिप्तता है। हमने एक पार्सल पकड़ा है जिसमें ड्रग्स मिली है इस पर आपका नाम नंबर लिखा है। आपके अकाउंट में इलीगल फंड आया है या आपके नाम का गिरफ्तारी वारंट है। हम आपको डिजिटल अरेस्ट कर रहे है। आपको फिर किसी माध्यम से वीडियो कॉल से जुड़ने के लिए कहा जाता है। डिजिटल अरेस्ट किए गए है अब आप वीडियो काल डिस्कनेंट नहीं कर सकते और यहां से कही जा नहीं सकते किसी से कोई संपर्क नहीं कर सकते। सायबर अपराधी आपको एक कमरे में बंद रहने के लिए धमकाते हुए मजबूर करते है। सायबर अपराधी वीडियो कॉल पर पुलिस की यूनिफॉर्म में दिखाई देते है। पैसों की मांग करते है। जांच चलने तक आप डिजिटल अरेस्ट रहेंगे और वीडियो कॉल छोड़कर कही जा नहीं सकते फिर आपसे आपकी बैंक डिटेल्स मांगते है।

### बच्चों के नाम पर डराना हुआ आम

अन्य तरीका यह भी है सायबर अपराधी किसी अनजान नंबर से फोन करते है और कहते है की आपका बेटा/बेटी एक संगीन अपराध में संलिप्त है जिसे हमने गिरफ्तार कर लिया है। उसे छुड़ाना चाहते हो तो तुरंत हमारे बताए अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दो। सायबर अपराधी आपको विश्वास दिलाने के लिए आपके बच्चे का नाम या उसकी व्यक्तिगत जानकारी भी बताते है और आपके बेटे/बेटी से मिलती जुलती आवाज में किसी से बात भी करवाते है। और आपको हिदायत देते है की आपके बेटे /बेटी से संपर्क करने का प्रयास मत करना क्योंकि उसका फोन सर्विलेंस पर है। आपको व्हाट्स ऐप पर फर्जी गिरफ्तारी वारंट समंस भेजकर डराते है। और प्रकरण निपटने के नाम पर पैसों की मांग की जाती है।

# नहीं थम रही हथियार तस्करी- लेडी तस्कर के बाद अब एक हिस्ट्रिशीटर हथियार तस्कर धराया



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** जिले में अवैध हथियारों की तस्करी का धंधा बंद नहीं हो रहा है जबकि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कुछ दिनों पहले ही पुलिस ने एक लेडी तस्कर को गिरफ्तार किया था जो यूपी से डोईफोड़िया हथियार डिलेवरी लेने आई थी। वहीं अब एक फरार 5 हजार के ईनामी आरोपी को पकड़ा गया है जिस पर एसपी ने 5 हजार रूपए का ईनाम भी घोषित किया था।

पुलिस की ओर से आ अब लौट चलें अभियान चलाया गया था। कई बार जागरूकता शिविर भी ग्राम पाचौरी में लगाए गए, लेकिन इसके बाद भी अवैध हथियार तस्करी नहींरूक रही है। लेडी तस्कर यूपी में कहां कहां हथियार सप्लाय करती थी इसकी जांच में भी खकनार थाना पुलिस टीम जुटी हुई है। फिलहाल लेडी तस्कर जेल में है। वहीं अब एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है जो पहले चकमा देकर भाग निकला था।

#### आरोपी पहले से यह मामले दर्ज

आरोपी गुरुचरण पिता छबीलासिंह सिकलीकर 24 निवासी पाचौरी पर पहले से भी 5 आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ बालाघाट में 2022 के 02 केस, ठाणे महाराष्ट्र में 2024 में 01 केस, थाना खकनार में 2023 में भी 01 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज हुआ था। इस तरह उस पर अब तक पांच आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हुए। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना कोतवाली जिला बालाघाट के केस में भी फरार चला रहा है।

#### जंगल से छिपाकर रखी 2 पिस्टल जप्त

खकनार टीआई अभिषेक जाधव ने बताया धारा 25-1 आर्म्स एक्ट के आरोपी गुरुचरण पिता छबीलासिंह सिकलीकर निवासी पाचौरी 7 अक्टूबर 24 से फरार चल रहा था। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने 5000 रूपए का ईनाम घोषित किया था। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गुरुचरण पांगरी फाटे के पास खड़ा है। टीम पहुंची तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे धरदबोचा। उसने आरोपियो को पिस्टल देना बताया। उसके कब्जे से 2 पिस्टल पाचौरी के जंगल से छिपाकर कर रखना बताया। आरोपी को साथ लेकर पाचोरी जंगल से 2 अवैध पिस्टल बरामद की गई। इससे पहले आर्म्स एक्ट में 7 अक्टूबर 24 को नितिन पिता दत्तु वाडकर व योगेश पिता अविनाश पिसाल निवासी जिला सतारा ;महाराष्ट्र व एक अन्य बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से 3 अवैध हस्त निर्मित पिस्टल जप्त की गई थी उनके व्दारा पिस्टल आरोपी गुरूचरण व्दारा देना बताया था। अब उससे दो देसी पिस्टल जब्त की गई।

### नेपानगर विधायक मंजु दादू ने छात्राओं को वितरित की साइकिलें

**खकनार, निप्र।** शनिवार को खकनार ब्लॉक के उत्कृष्ठ विद्यालय मेंनेपानगर विधायक मंजु दादूद्वारा 27 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर विधायक ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव मदद प्रदान कर रही है, ताकि किसी भी छात्र या छात्रा की शिक्षा रुकने न पाए। विधायक मंजु दादू ने कहा,बच्चे ही देश का भविष्य हैं। शिक्षा से ही उनका और हमारे क्षेत्र का नाम रोशन होता है। सरकार हर संभव कोशिश करेगी कि बच्चों को शिक्षा से जुड़े हर संसाधन उपलब्ध हों।

# मराठा सेवा संघ का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन उज्जैन में शुरू

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में शनिवार, 16 नवंबर से मराठा सेवा संघ का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन प्रारंभ हो गया है। यह दो दिवसीय आयोजन देशभर के मराठा समाज के लोगों और संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हो रहा है।शनिवार सुबह बुरहानपुर से काफी संख्या में संघ के पदाधिकारी व समाज जन उज्जैन के लिए रवाना हुए।



मराठा सेवा संघ के अध्यक्ष सुनिल वाघे ने बताया कि बुरहानपुर से 33 कक्ष के समाजजन और संघ के पदाधिकारी उज्जैन पहुंचे हैं। इस अधिवेशन का उद्देश्य समाज के कल्याण और प्रगति पर चर्चा करना है। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खंडवा सांसदज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू, और बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हो रही हैं। इसके अलावा प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के अन्य सांसद और विधायक भी इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इस अधिवेशन के आयोजन में जिलाध्यक्ष सुनिल वाघे, उपाध्यक्ष गणेश पाटिल, सचिन पाटिल, लक्ष्मण महाजन, दिनेश चौधरीऔर मीडिया प्रभारी बबलू पाटिल सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।यह सम्मेलन 16 और 17 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मराठा समाज के सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।


### कार्रवाई होने लगी तो चला जिले में हर दिन होती है गांजा तस्करी

**बुरहानपुर, निप्र।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस लगातार गांजा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई हो रही है तो तब पता लगा है कि जिले में बड़े पैमाने पर गांजा बाहर भेजा जाता है, क्योंकि तीन दिन में अलग अलग थानों में पुलिस ने तीन आरोपियों से गांजा बरामद किया है। अब नेपानगर में 2 किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल पुलिस मुख्यालय ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके तहत 3 दिनों से जिलेभर में कार्रवाई हो रही है। अब नेपानगर पुलिस ने एक आरोपी को 2 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। तो वहीं इससे पहले लालबाग थाना पुलिस, गणपति नाका थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गांजे के साथ पकड़ा था।

# दूसरे दिन भी दो थाना क्षेत्रों में पकड़ा गया मादक पदार्थ

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** एसपी अमित कुमार के निर्देश, एएसपी राकेश खाखा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। माणकचौक पुलिस ने एक व्यक्ति को 4 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ जबकि थाना जावरा शहर पुलिस ने 30 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।



सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी माणकचौक सुरेन्द्रसिह गडरिया, थाना माणकचौक की विशेष टीम उनि प्रवीण वास्कले, सउनि बसील गणावा, सउनि शिवनाथसिह राठौर, प्रआर सुधीरसिह राठौर, आर रणवीरसिंह, राजेन्द्रसिंह, हरिओम आकोदिया, अशरफ खान, गोविन्द गेहलोत, संदीप शर्मा ने कार्रवाई की।

टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी जिसपर शादाब उर्फ भूरा पिता लईक कलीगर उम्र 39 साल निवासी अशोक नगर के कब्जे से 4 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद किया। इसकी कीमत करीब 50630 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया हैं। जप्तशुदा मादक पदार्थ के सम्बंध मे पूछताछ पर आरोपी ने मादक पदार्थ आसु पिता इकबाल मिरासी निवासी घटला कॉलोनी व फरीद पिता नासीर निवासी लालजी का वास से खरीदना बताया। फरार आरोपी आसु, व फरीद की तलाश जारी है।

यहां से भी पकड़ा गया तस्कर


सीएसपी जावरा दुर्गेश आमों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावरा शहर जितेंद्र सिंह जादौन थाना की विशेष टीम में उनि प्रताप सिंह भदौरिया, प्रआर जाकिर खान, मृदंग सातपुते, आर राधेश्याम चौहान, अंतिम चौहान, राजेश पंवार, ललित जगावत, रामप्रसाद मीणा, यशवंत जाट, अभय चौहान, जीवन विश्वकर्मा द्वारा एक्शन लिया गया। मुखबिर की सूचना पर बंदी छोड़ दरगाह के पास ताल रोड जावरा से आरोपी बंशीराम पूरा मानाराम उम्र 45 साल निवासी हेम नगर थाना झांवर जिला जोधपुर को दो प्लास्टिक के नीले रंग के झोले के साथ पकड़ा गया। इनमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होकर कुल 30 किलो ग्राम मादक पदार्थ डोडाचूरा था। कीमत 50630 रुपए है। आरोपी बस के इंतेजार में खड़ा हुआ था जिसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध भी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध दर्ज कर लिया गया है।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# सूखे मेवों में मांग बढ़ी, चना की आवक

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 1000 बोरी। नीलामी 6600 - 6700 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6800 - 6900 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 2000 बोरी। नीलामी 12500 - 13500 रुपए।



**छावनी व्यापारिक मंडी ( प्रति क्विंटल) -** चना कांटा 6800 - 6950 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 6000 - 6300 मसूर 6050 - 6100 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल।

तिलहन - सोयाबीन 4240 - 4250 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल) -** तुअर दाल फूल 12300 - 12500 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 12000 चना दाल 8500 - 8600 एक्स्ट्रा बोल्ड 9600 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9800 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921) 10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार -** सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1520 - 1530 मुबंई 1540 - 1550 गुजरात 1500 - 1510 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1310 - 1315 सोया सॉल्वेंट 1265 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1415 - 1420 गुजरात कपास्या तेल 1320 - 1325 रुपए। राजकोट तेलिया मूंगफली तेल 2425 - 2430 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा -** 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 76300 रुपए।
चाँदी 90300 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2561 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 3024 सेंट प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### शारदा विद्या मंदिर स्कूल में रही बाल दिवस की धूम



**सीहोर, निप्र।** शारदा विद्या मंदिर स्कूल में बल दिवस मनाया गया द्य जहां स्कूल में सभी शिक्षक एवं शिक्षिका ने बच्चों के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया द्य प्रतियोगिता में बच्चों एवं शिक्षकों को सारे स्टेट के कल्चर और वहां की बस भूसा को दर्शाया द्य जहां कश्मीर,गुजरात,राजस्थान,उड़ीसा,वेस्ट,बंगाल,तमिलनाडु,कर्नाटक, असम,केरल,सभी राज्यों के कल्चर, पारंपरिक ,फॉक डांस,वहां का ड्रेसअप को बचो ने अपने डांस ,प्रेजेंटेशन, चैट,ड्रामा से दर्शाया ।मानो जैसे सारा भारत देश एक ही जगह आगया हो द्य शारदा विद्या मंदिर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती भारती शर्मा ने प्रतियोगिता के लिए पुरस्कृत भी किया।

### गुरुनानक जयंती पर सामाजिक समरसता मंच द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया



**सोनकच्छ, निप्र।** गुरु नानक देव जी की जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष में राजा भाऊ महाकाल परिसर पर सामाजिक समरसता मंच के द्वारा एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया इसमें मुख्य वक्ता श्री सतीश चंद्र तिवारी माननीय खंडचालक तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता गुरु सिंह सभा समिति के अध्यक्ष श्री जगदीश जी सलूजा द्वारा की गई।

### चतुर्मास रामायण पाठ का समापन हवन पूर्णाहुति के साथ हुआ



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के बजरंग चौराहा स्थित महेश्वरी समाज के हनुमान, राधाकृष्ण मंदिर पर देव सोवनी ग्यारस से लेकर देव उठनी ग्यारस तक चलने वाले रामायण पाठ का समापन कार्तीक पूर्णिमा को हवन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। पुरणाहुती पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। जानकारी देते हुए बताया मंदिर यह रामायण पाठ करते हुए 23 वर्ष हो गए हैं। प्रति वर्ष देव सोवनी ग्यारस से लेकर देव उठनी ग्यारस तक मंदिर पर रात्रि में स्थानीय रामायण मंडल द्वारा संगीत मय रामायण पाठ किया जाता है, जिसमें सेकंडों भक्तजन रामायण पाठ का धर्म लाभ लेते है।

### प्रदेश के कृषि मंत्री कंसाना आज आएंगे सतवास, पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा में होंगे शामिल



**सतवास, निप्र।** रविवार को प्रदेश के कृषि मंत्री अंदल सिंह कंसाना सतवास आयेंगे और पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा में शामिल होंगे। गुर्जर समाज के हीरालाल पटेल एवं नंदकिशोर गुर्जर ने बताया की प्रदेश के कृषि मंत्री अंदल सिंह कंसाना 17 नवम्बर रविवार को भोपाल से सुबह 10 बजे सड़क मार्ग से प्रस्थान कर 12:30 बजे डेहरीया पहुचेंगे। जहा सामाजिक कार्यकर्ताओ से भेंट कर दोपहर 1 बजे भगवान देवनारायण मंदिर परिसर (पुनर्वास) में पहुचेंगे। जहा संत सिंगाजी महाराज की पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा के आयोजन में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात ग्राम बड़कन केलिए प्रस्थान करेंगे।

### संभाग स्तरीय कूडो प्रतियोगिता आयोजित



**शाजापुर, निप्र।** संभाग स्तरीय कूडो प्रतियोगिता शनिवार को उत्कृष्ट विद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित की गई, जिसमें 14, 17, 19 आयु वर्ग के उज्जैन-शाजापुर के खिलाडियों भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी आरसी ओझा, विजया सक्सेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खिलाडियों ने दमखम दिखाया। ब्लॉक प्रभारी बीएल गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 9 से 13 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस दौरान माखन धानुक, निर्णायक राजीव लोचन शर्मा, अनुज्ञा शर्मा, निहारिका सोनी, प्रगति पटवा, प्रचंड जमालिया, सूरजराव, तरुण गेहलोत, आशीष वशिष्ठ, अश्लेषा पाटीदार, जमीर अब्बास, मोहनसिंह, मोहमद अली, खुशी उज्जैन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### राजस्व मंत्री वर्मा करेंगे जिले का भ्रमण

**शाजापुर, निप्र।** प्रदेश के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा आगामी 18 नवंबर 2024 को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री वर्मा 18 नवंबर को सुबह 10 बजे बी 5 चार इमली भोपाल से सुबह 11.30 बजे शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील के ग्राम तिलावद मैना पहुंचेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत मंत्री दोपहर 12 बजे ग्राम तिलावद से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे कालापीपल तहसील के ग्राम अरनियाकलां पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# सात दिन में फैला बुखार, दस मरीज आए सामने, लक्षण डेंगू जैसे

## डेंगू से परेशान परिजन ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की तो बिफर गया निगम कर्मचारी, मामला राजीव नगर अनवटपूरा का...

विनय उजाला

**देवास, निप्र। नवंबर आधा खत्म हो चुका हैं, लेकिन डेंगू के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अक्टूबर आते आते डेंगू का असर खत्म हो जाता है लेकिन इस बार ऐसा नहीं हैं. स्वास्थ्य विभाग भी डेंगू के बढते मामले संभालने के लिए नुक्कड नाटक का सहारा ले रहा हैं। जिला अस्पताल में नुक्कड नाटक कर आने वालों को जागरूक किया गया। शहर में डेंगू से परेशान लोग सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा रहे हैं।**

शासन सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को लेकर गंभीर नजर आ रहा हैं, कलेक्टर ऋषभ गुप्ता पहले ही साफ कर चुके है कि एक भी लंबित शिकायत नहीं होना चाहिए, अगर शिकायत लंबित मिली तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन पर जब राजीवनगर अनवटपुरा के परिवार ने डेंगू से परेशान होकर नगर निगम की लापरवाही की शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत में कहा गया कि क्षेत्र में डेंगू फैल रहा लेकिन नगर निगम अनुरोध के बाद भी लार्वा नष्ट करने की दवाई का छिडकाव नहीं कर रहा। शिकायत पर दवाई का छिडकाव तो नहीं हुआ, उल्टा निगम कर्मचारी शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए अभद्रता पर उतर आया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 44 के अंर्तगत आने वाले राजीव नगर अनवटपुरा में पिछले 7 दिन में 10 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। बुखार के लक्षण डेंगू जैसे है। रहवासियों ने बुखार के बढते मामलों के बाद नगर निगम से दवाई छिडकाव की गुहार लगाई थी ताकि मच्छरों का प्रकोप खत्म हो। रानी सिंह ने बताता में इस क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हूं और जिस व्यक्ति ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करी उसके साथ निगम के कर्मचारी ने अभद्रता करी। ये घटना मेरे सामने हुई। शिकायतकर्ता की माताजी को डेंगू हो गया है।



### लक्षण मिले तो तुरंत अस्पताल पहुंचे...

सीएमएचओ डॉ. सरोजनी बेक ने बताया डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया जैसी वाहक जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए जागरूकता बहुत महत्वपुर्ण बिन्दु है। सभी व्यक्ति को जागरूक होने कि आवश्कता है। जागरूकता ही बचाव है। समय पर उपचार न मिले तो डेंगू जैसी बीमारी जानलेवा हो सकती है। इसलिए सर्तक रहने कि आवश्यकता है। डेंगू बुखार के लक्षणों में तेज बुखार, शरीर पर दाने, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द ,कुछ गंभीर मामलों में रक्तस्त्राव और सदमा होता है, जो जीवन के लिए खतरा हो सकता है अगर किसी व्यक्ति को ये लक्षण हो तो चिकित्सक को दिखाए।

### डेंगू के लक्षण...

- मसल्स और ज्वॉइंट्स में पेन
- सिर दर्द
- बुखार
- आंखों में दर्द
- चक्कर आना
- उल्टी जैसा महसूस होना

### डेंगू से बचने के उपाय...

- घर के आसपास या घर के अंदर भी पानी न जमा होने दें। गमलों, कूलर, रखे हुए टायर में पानी भर जाए, तो इसे तुरंत निकाल लें।
- साफ- सफाई का इन दिनों में खास ख्याल रखें।
- कूलर में अगर पानी है, तो इसमें कैरोसिन तेल डालकर रखें, इससे मच्छर पनपने की संभावना कम हो जाती है।
- पानी की टंकियों को खुला न छोड़े, अच्छी तरह ढककर रखें।
- इन दिनों फुल स्लीव और पैरों को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले कपड़े पहनें। बच्चों को मच्छर से बचाने वाली क्रीम लगाकर ही बाहर भेंजें।

### साल दर साल डेंगू...

| वर्ष डेंगू | पाजिटिव |
|---|---|
| 2020 | 46 |
| 2021 | 352 |
| 2022 | 114 |
| 2023 | 72 |
| 2024 | 131 |

# बच्चे शतरंज खेलेंगे तो मोबाइल से भी दूर रहेंगे, फोकस भी बढ़ेगा...

## दो दिवसीय इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ, 326 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास में पहली बार आयोजित हो रही दो दिवसीय इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने शतरंज की चाल कर किया।

इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में 326 प्रतिभागी भाग ले रहे है। जिसमें 6 टाइटल प्लेयर खेल रहे हैं। प्रतियोगिता में पहले दिन 5 राउंड होंगे, दूसरे दिन 4 राउंड होंगे। 110 रेटेड प्लेयर खेल रहे हैं। प्रतियोगिता में देवास के. 106 प्लेयर प्रतिभा भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में विदेशी खिलाड़ियों श्रीलंका से मयूरी पामोदा करुणा नायके शर्मा, धर्माश्री पथ बेरियागे अशान इसीरू और नेपाल से राजन सुबेदी ने भाग लिया।





### 300 से ज्यादा खिलाडी ले रहे भाग...

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि आज के इस इंटरनेशनल कार्यक्रम में 300 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मैंने इससे ज्यादा प्रतिभागी शतरंज के किसी इवेंट में नहीं देखे। यह मध्यप्रदेश का पहला इतना बड़ा टूर्नामेंट है। मध्य प्रदेश शतरंज में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को प्लेटफार्म मिल रहा है। मध्य प्रदेश में लगातार शतरंज प्रतियोगिताए आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चे शतरंज खेलेंगे तो मोबाइल से भी दूर रहेंगे। शतरंज से बच्चों का फोकस बढ़ेगा। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि खेल भावना के साथ खेलना महत्वपूर्ण है, जितना महत्वपूर्ण नहीं है। शतरंज खेल से बच्चों का फोकस बढेगा जिससे पढ़ाई में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में 110 रेटेड प्लेयर खेल रहे हैं, किसी भी प्रतियोगिता में इतने रेटेड प्लेयर देखने को नही मिलते। प्रतियोगिता में देवास के 106 प्लेयर भाग ले रहे हैं, जो देवास के भविष्य के लिए अच्छा है।

### पहली बार प्रतियोगिता में आया हूं...

ग्रैंड मास्टर राम झा ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार इस प्रकार की इंटरनेशनल प्रतियोगिता में आया हूं। इस प्रकार इस प्रतियोगिता से बच्चों को प्रोत्साह मिलेगा। मध्यप्रदेश में बहुत सी प्रतिभा है। उन्होंने मध्य प्रदेश के बच्चे माधवेन्द्र प्रताप शर्मा को मंच पर बुलाकर सभी से परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि माधवेन्द्र प्रताप शर्मा कम उम्र में बहुत सी प्रतियोगिताओ में भाग लेकर जीत है। जो इंटर नेशनल चेस मास्टर अक्षत खम्परिया ने कहा कि ऐसे इवेंट और होना चाहिए जिससे शतरंज को बढ़ावा मिलेगा बच्चों की सोचने की की क्षमता भी बढ़ेगी। द इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता शुभारंभ अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, श्रीलंका से करुणानायके, नंदकिशोर जोशी, सेंट थामस के प्रेसिडेंट सुनील थामस, हेंसि थामस, पत्रकारगण, खिलाड़ी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।



# दक्षिणमुखी हनुमानजी को लगाया छप्पन भोग

## फूल बंगला सजा कर, मनाया अन्नकूट महोत्सव

विनय उजाला

**कन्नौद, निप्र।** नगर के प्राचीन दक्षिणमुखी जेलवाले हनुमान मंदिर में शुक्रवार को बाबा का अद्भुत श्रृंगार कर फूल बंगला सजाया गया। साथ ही हनुमानजी को छप्पन भोग भी लगाया गया।

पूर्णिमा के उपलक्ष्य में देवउठनी ग्यारस से पूर्णिमा तक 51000 हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। साथ गुरुवार अखंड रामायण पाठ शुरू किया जिसका समापन शुक्रवार को हुआ इसके बाद महाआरती कर अन्नकूट महोत्सव शुरू हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के महंत यशवंत शर्मा, क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा, समिति के गोविंद गर्ग, सुभाष मानधन्या, सतीश नरेड़ी, संजय शर्मा,दीपक भनोत , ओमप्रकाश सोमानी, अनिल नागर, मांगीलाल मालवीय, आनंद यादव, सौरभ नंदाने सहित सभी भक्तगण उपस्थित रहे।




## महाविद्यालय में व्याख्यान माला आयोजित की गई

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** अ श रा म शासकीय महाविद्यालय, सोनकच्छ में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 16 नवम्बर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अवसर पर 'भारत में सहिष्णुता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ सुधीर महाजन ने सहिष्णुता के मायने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताए। प्रो. सौदान एस. डालमिया ने अपने व्याख्यान में भारत की वसुधेव कुटुंबकम की अवधारणा का जिक्र करते हुए वर्तमान समय में सहिष्णुता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अंजली अग्रवाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वयं के स्वाट विश्लेषण के अंतर्गत सहिष्णुता के दृष्टिकोण से भी विचार करें। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ तथा आभार डॉ रितेश शर्मा ने माना।

# संभागायुक्त गुप्ता ने किया मक्सी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के लिए आयोग के निर्देशानुसार उज्जैन संभागायुक्त एवं रोल प्रेक्षक संजय गुप्ता द्वारा शाजापुर जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 167 शाजापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 252, 253, 256 एवं 257 नगर मक्सी में पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया एवं मौजूद बीएलओ से चर्चा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी प्राप्त की गई। उज्जैन संभागायुक्त एवं रोल प्रेक्षक गुप्ता ने मतदाता सूची को अद्यतन किए जाने के संदर्भ में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाता के नाम मतदाता सूची में जोडने् एवं जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अन्तर्गत 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 16 नवम्बर शनिवार एवं 17 नवम्बर रविवार को विशेष कैम्प में सभी पात्र मतदातओं के नाम जोडने् के लिए निर्देश दिए गए कि मतदान केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।



उज्जैन संभागायुक्त एवं रोल प्रेक्षक संजय गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेक्ट सभाकक्ष में बैठक लेकर जिले के आरओ, ईआरओ एवं एईआरओ जिले के वर्तमान क्षेत्रीय सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि के साथ चर्चा की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अन्तर्गत 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए शाजापुर जिले में 9 नवम्बर शनिवार 10 नवम्बर रविवार, 16 नवम्बर एवं 17 नवम्बर को विशेष कैम्प एवं निर्वाचन के संबंध में जानकारी दी गई।


## आठ सालों में साढ़े पांच लाख रुपये की राशि से एक दर्जन मंदिरों में कराया निर्माण

# मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए कर रहे सुंदरकांड का आयोजन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। घरों और प्रतिष्ठानों पर सुंदरकांड के माध्यम से हनुमानजी का जयकारा लगाने वाले सुंदरकांड मंडल के सदस्य आठ सालों से मंदिरों के जीर्णोद्धार के सराहनीय कार्य में लगे हुए हैं। मंडल के सदस्य सुंदरकांड करने पर प्राप्त होने वाली राशि से अब तक दर्जनों मंदिरों में कार्य करा चुके हैं।**

वर्ष 2016 में 21 सदस्यों ने श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मंडल का गठन किया और सभी सदस्यों ने सुंदरकांड से मिलने वाली राशि को मंदिर निर्माण में लगाने का निर्णय लिया। मंडल के राहुल सोलंकी ने बताया कि समस्त सदस्यों द्वारा निस्वार्थ भाव से बाबा की ज्योत सुंदरकांड के माध्यम से घर-घर जलाई। मंडल द्वारा किए गए सुंदरकांड पर जो राशि मिली उससे गिरवर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के गर्भगृह में 4 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। इसीके साथ अन्य हनुमान मंदिर निर्माण हेतु 11000 रुपये की राशि दी गई। वहीं भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण शरद नगर में 3300 रुपये, अयोध्या धाम में श्रीराम लला के भव्य निर्माण में 21001 की राशि मंडल द्वारा दान दी गई। साथ ही मारुति नंदन हनुमान मंदिर तालाब की पाल पर भव्य निर्माण में 1 लाख 1 रुपये की राशि, श्री प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर मंडल की ओर से स्टील रेलिंग का कार्य कराया गया। इसी तरह डीपो के पीछे स्थित श्रीहनुमान मंदिर पर भव्य निर्माण में 15000 की राशि दान दी गई। मंडल के सदस्य राहुल सोलंकी ने बताया कि हनुमानजी भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं और इसीलिए सुंदरकांड से प्राप्त आय हनुमान मंदिरों के अलावा श्रीराम मंदिरों के निर्माण पर खर्च की गई है। श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मंडल मंदिरों में निर्माण कार्य के लिए सदैव तत्पर रहेगा।




### साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक राशि से कराया मंदिर निर्माण

पं दामोदरप्रसाद शर्मा, अमृतलाल टेलर, महेश हरियाल, श्यामसिंह सेंधव, गोपाल पंवार, मनीष गेहलोद, राहुल सोलंकी, अजय यादव, बालकृष्ण यादव, अजय वर्मा, अजय पंवार, दुर्गेश कोटवानी, युवराजसिंह, मनीष गिरी, जीतू राठौर, पकंज जैन, गणेश राठौर, शुभम कारपेंटर, बाबूलाल अंबोदिया, राम विश्वकर्मा, महेंद्रसिंह हाड़ा ने वर्ष 2016 में श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मंडल का किया था, जिसके बाद से मंडल सदस्य करीब एक दर्जन से अधिक मंदिरों में करीब साढ़े पांच लाख रुपये की राशि खर्च कर निर्माण कार्य करा चुके हैं। गिरवर मंदिर में चार लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस का अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर निरंतर कार्रवाही जारी

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस अवैध नशे के कारोबार को नेस्तनाबूद करने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस ने आज 16 नवम्बर को सुबह 8 बजे से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर तीसरे दिन भी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तीसरे दिन प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सुबह से शाम तक कार्रवाही कर 952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं। प्रदेशव्यापी अभियान के तीसरे दिन पुलिस ने 161 स्थानों पर अवैध मादक पदार्थ जब्त करने में सफलता पाई है। खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों से 322.43 किलोग्राम गांजा, धार जिले में 200.3 किलोग्राम गांजा, बड़वानी जिले के विभिन्न स्थानों से 157 किलो 900 ग्राम गांजा तथा 105 किलो 394 ग्राम गांजा जब्त हुई हैं। साथ ही 30 आरोपियों सहित 1 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त किए हैं। इस प्रकार प्रदेश में पुलिस ने तीसरे दिन विभिन्न स्थानों पर कार्रवाही कर 920.673 किलोग्राम गांजा, 0.900 ग्राम स्मैक, 0.4 ग्राम चरस एवं 30 किलोग्राम डोडाचूरा सहित 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त 05 वाहनों को भी जब्त किया है। दूसरे दिन यानी 15 नवंबर को भी प्रदेश पुलिस ने अभियान के तहत 144.7 किलोग्राम गांजा, 29 ग्राम स्मैक तथा 146.53 ग्राम ब्रॉउन शुगर जब्त कर 126 आरोपियों को गिरफ्तार किये थे। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा कई संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में मादक पदार्थों के उत्पादन और वितरण में शामिल आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाना है, बल्कि जनता में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इस पहल के माध्यम से सरकार राज्य को अवैध नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें हर संभव प्रयास कर रही है।

### कांग्रेस का तंज, देश-प्रदेश में 'फ्लाप-शो' के बाद, अब विदेश में होगी ''निवेश-नौटंकी''

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश के नाम पर खुली नौटंकी चल रही है। सरकारी प्रचार-प्रसार के नाम पर करोड़ों रुपया फूंका जा रहा है, लेकिन कल्पना का 'कागजी निवेश' जमीन पर नहीं आ पा रहा है। देश-प्रदेश में घूमकर मन भर गया तो मुख्यमंत्री के साथ मुंगेरियों की टोली अब विदेश में 'सरकारी-पर्यटन' की संभावनाएं टटोल रही हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि विदेशी निवेशकों को बुलाने के लिए मुख्यमंत्री के साथ अफसर की एक टीम इंग्लैंड के लंदन और जर्मनी के म्यूनिख और बर्लिन जैसे शहरों में रोड-शो की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भी 'अंतरराष्ट्रीय-पर्यटक' बनना चाहते हैं। जीतू पटवारी ने शनिवार को सरकार की योजना और क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि नौकरशाही के चंद चेहरे कागजों में 'नकली कायदों में असली फायदे' दिखाकर सत्ता को गुमराह कर रहे हैं और सरकार का 'मासूम-मुखिया' कल्पना में औद्योगिक विकास देखकर तालियां बजा रहा है। पूर्ववर्ती शिवराज सरकार के नक्शे कदम पर चलते हुए मोहन सरकार ने अधिकारियों के प्रभाव में आकर पहले ही गलतियां कर चुकी हैं। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन तो कर लिया, परंतु कागजी घोषणाएं अब तक इलाके की औद्योगिक जमीन भी नहीं देख पाई हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव जैसी पहल निवेश आकर्षण और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की जाती हैं, लेकिन ये जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रभाव नहीं डाल पा रही हैं। नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होना और प्रशासनिक सुस्ती से निवेशकों का भरोसा कम हो गया है। औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क, परिवहन और लॉजिस्टिक्स जैसी आधारभूत सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं। प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम का वादा तो किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह नौकरशाही जटिलताओं और भ्रष्टाचार के कारण प्रभावी नहीं हो पाता। पटवारी ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों और उद्योगपतियों को इन पहलों में शामिल नहीं किया जा रहा।

# जनजातीय नायकों ने हमेशा आगे बढ़कर अपना सर्वस्व राष्ट्र के नाम अर्पित किया : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## रिकॉर्डेड हजारों जनजातीय कलाकरों ने किया सामूहिक सैला नृत्य, पीएचई मंत्री श्रीमती उईके ने भी किया नृत्य

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर मंडला में जनजातीय गौरव दिवस के ऐतिहासिक आयोजन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अस्मिता के लिये जनजातीय नायकों ने हमेशा आगे बढ़कर नेतृत्व करने के साथ अपना सर्वस्व राष्ट्र के नाम अर्पित किया।**

मध्यप्रदेश में इसके अनेकों उदाहरण मौजूद हैं। मंडला के सेमरखापा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 1521 स्थानीय जनजातीय कलाकारों, छात्र-छात्राओं, जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ सामूहिक सैला लोकनृत्य की आकर्षक और मनोहारी प्रस्तुति देकर समारोह को भव्यता प्रदान की। यह अब तक ज्ञात जानकारी अनुसार रिकॉर्डेड लोगों द्वारा दी गई सामुहिक नृत्य प्रस्तुति रही। इस ऐतिहासिक अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने भी जनजातीय बंधुओं के साथ लोकनृत्य कर उनकी हौसला-अफजाई की।

जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में मंत्री श्रीमती उईके ने जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को सजीव करते हुए प्रसिद्ध लोकगीत तरना मोर न नाना-नानी पर आकर्षक नृत्य किया। कलेक्टर मंडला श्री सोमेश





मिश्रा ने मांदर पर थाप दी। जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वत: स्फूर्त भागीदारी की। उपस्थित जनसमूह ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें और जनजातीय गौरव संस्कृति अमर रहे जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

### सैला नृत्य की मूल भावना

सैला नृत्य भारतीय जनजातीय समाज का एक प्रमुख लोक नृत्य है, जिसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्यों की जनजातियाँ उत्सव और सामूहिक आनंद के अवसर पर करती हैं। सैला नृत्य जनजातियों के सामूहिक जीवन को दर्शाता है। इसमें सामूहिक ताल-बद्धता और समन्वय की एकरूपता प्रदर्शित होती है। यह नृत्य उल्लास को तो प्रकट करता ही है, साथ ही प्रकृति और देवी-देवताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है। इस नृत्य का आयोजन प्राय: फसल कटाई के बाद किया जाता है। यह नृत्य खुशी और उत्साह से भरपूर होता है, जो जनजातीय जीवन की सरलता को प्रदर्शित करता है। सैला नृत्य जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित और स्थानांतरित करने का माध्यम है। सैला नृत्य जनजातीय समाज की सामूहिकता, सांस्कृतिक पहचान और प्राकृतिक जीवन के साथ उनके गहरे आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। इस नृत्य में नर्तक वृत्ताकार स्वरूप में एक-दूसरे के कंधे पकड़कर संगठित रूप से कदमताल करते हैं। यह नृत्य प्रकृति के साथ साहचर्य, सामूहिकता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।

# आयुष्मान भारत से बदली अमरनाथ बैगा की जिंदगी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सिंगरौली जिले के एक छोटे से गांव में रहने वाले अमरनाथ विशेष रूप से पिछड़ी एवं कमजोर जनजाति समूह बैगा में आते हैं। इनकी जिंदगी बचपन से ही कठिन संघर्षों से भरी रही। आर्थिक तंगी के कारण कई बार उन्हें और उनके परिवार को बुनियादी जरूरतें पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बीमारी या स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में अस्पताल जाना एक बड़ी चुनौती बन जाता था। इलाज का खर्च उठाने की सामर्थ्य अमरनाथ में नहीं थी।



पीएम जन-मन योजना में अक्टूबर 2024 में अमरनाथ बैगा का आयुष्मान कार्ड बनने के बाद उनके जीवन में नई उम्मीद की किरण आई। आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार ने उन्हें हर साल 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी है, जिससे उन्हें अब स्वास्थ्य संबंधी चिंता से मुक्ति मिली है। सरकारी और अधिकृत निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा के साथ, अब वह और उनका परिवार स्वास्थ्य समस्याओं का सही समय पर उपचार करवा सकता है।

आयुष्मान योजना से लाभान्वित होने के बाद अमरनाथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि आयुष्मान योजना हम जैसे गरीबों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उनके अनुसार इस योजना ने उनके जैसे कई गरीब परिवारों को आशा और सुरक्षा प्रदान की है। अब अमरनाथ बैगा को अपने परिवार के स्वास्थ्य की चिंता नहीं है और वह इस योजना के लाभ से अपनी और अपने परिवार की जिंदगी में सुधार कर पा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना न केवल उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और खुशहाली में भी एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# कबड्डी हमारी मिट्टी से जुड़ा हुआ खेल है : प्रभारी मंत्री राजपूत

## अतुल्य भारत की झलक आज गाडरवारा में दिखाई दे रही है : मंत्री श्री सिंह

### 68वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 17 वर्षीय बालक और बालिका आयु वर्ग में 5 दिवसीय 68वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता-2024 का शुभारंभ शनिवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा हुआ। शुभारंभ मौके पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग और नरसिंहपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी और विधायक श्री महेन्द्र नागेश भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मैंने ऐसा बहुत कम देखा है, जबराष्ट्रीय स्तर के खेलों की प्रतियोगिता छोटी जगहों पर हो रही हो। अक्सर यह प्रतियोगिता महानगरों में आयोजित होती रही है। नेशनल लेवल की प्रतियोगिता की यह ज़िम्मेदारी गाडरवारा शहर




को मिली है। अब हमारा भी फ़र्ज़ है कि देशभर से आये खिलाड़ियों का स्वागत एवं उत्साहवर्धन करें। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हमारे पारंपरिक खेल कबड्डी की भी अपनी पहचान है। हिंदुस्तान के गांव-गांव में कबड्डी खेली जाती हैं। यह खेल हमारी मिट्टी से जुड़ा है। राज्य सरकार परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि गाडरवारा के लिए यह ऐतिहासिक पल है। किसी देश में जिस तरह ओलंपिक, एशियन गेम्स या अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयारी की जाती है, ठीक उसी तरह राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए भी तैयारियाँ करनी पड़ती है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होना नरसिंहपुर ज़िले और गाडरवारा नगर के लिये गौरव और गरिमा की बात है। गाडरवारा में आज देश के चारों ओर से खिलाड़ी आये हैं। इन खिलाड़ियों के आने से अतुल्य भारत की झलक देखने को मिलती है। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के सभी मान्यता प्राप्त प्रदेशों (इकाइयों) के कुल 34 टीमें और 770 खिलाड़ी बालक-बालिकाएँ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रवलन और सरस्वती वंदना से की गई। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय एकता और देश की विभिन्न संस्कृतियों पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने 2 करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि निर्माण ऐजेन्सीयाँ उनकों सौपे गये निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किए गए बादे के अनुसार क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जाएगी। आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण में पूरा-पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि सड़के निर्माण के बाद लंबे समय तक चले, इसलिए सीमेंट क्रांकीट रोड बनाए जा रहे है। नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण मिले इसके दृष्टिगत हर कॉलोनी के पार्कों का विकास किया जा रहा है। कॉलोनी में सीवेज सिस्टम को भी ठीक किया जा रहा है। साफ-सफाई का भी ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शनिवार को गोविंदपुरा विधानसभा के वार्ड 52 में आयोजित भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने 2 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले कई निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें ऐतिहासिक वोटों से विजयी बनाया है। क्षेत्र के विकास के लिए वह पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं। विकास के काम में कोई कमी नहीं रखेंगे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने वार्ड 52 की श्रीराम कालोनी में 45 लाख रुपए की लागत से होने वाले 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिसमें सीसीरोड से लेकर पार्कों का सौंदर्यकरण के कार्य शामिल हैं। स्नेह नगर में 15 लाख की लागत से पेपर ब्लॉक एवं पार्क विकास कार्य का भूमिपूजन किया। चिनार कालोनी में 11 लाख की कीमत से बनने वाली सीसीरोड का भूमि-पूजन एवं रोहित नगर में दो पार्कों के विकास कार्यों का भूमि-पजन भी किया। चंद्रिका सोसाइटी और सेज हेरिटेज के पास सीसीरोड के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान पार्षद श्रीमती शीला पाटीदार, पूर्व पार्षद रामबाबू पाटीदार, जितेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र परिहार, प्रताप बारे और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश के कई शहरों में सर्दी ने पकड़ी रफ्तार, छा रहा कोहरा, ग्वालियर-चंबल में बढ़ेगी ठंड

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में ठंड का असर तेज होने लगा है। प्रदेश में अब कोहरा भी छा रहा है। भोपाल समेत कई शहरों में शुक्रवार सुबह कोहरा छाया रहा। शनिवार को भी सुबह ग्वालियर, भिंड और निवाड़ी में मध्यम कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। यहां रात का तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ऐसा मौसम 20 नवंबर तक बना रहेगा। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी सर्दी बढ़ेगी, जबकि पचमढ़ी-अमरकंटक सबसे ठंडे रहेंगे।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में पिछले 3 दिन से ठंड का असर ज्यादा बढ़ा है। इसकी वजह उत्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। वहीं, पहाड़ों में जेट स्ट्रीम हवाओं का चलना है। ये हवाएं प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी आ रही है। इस वजह से शुक्रवार से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। उन्होंने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से ग्वालियर-चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठंडा रहेगा। शनिवार से सुबह-शाम धुंध भी बढ़ेगी। वहीं, प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में दिन-रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं। पिछली दो रातों से यहां 8.8 और 9.6 डिग्री तापमान रहा। वहीं, गुरुवार-शुक्रवार को पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पिता ने ससुराल वालों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

## पति सहित पूरा परिवार मौके से फरार

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** राजधानी भोपाल के बजरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात नव विवाहिता के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला की मौत की सूचना उसकी ननद ने पिता को कॉल पर दी। पिता रिश्तेदारों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे, जहां गेट खुले मिले। जबकि पति सहित पूरा परिवार मौके से फरार हो चुका था। शव को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, पिता ने दामाद और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कृतिका मंडराई पति सुशील कुमार मंडराई (25) द्वारका नगर स्थित ससुराल में रहती थी। उसके पिता विश्नुप्रसाद ग्वाले ने बताया कि बेटी की शादी इसी साल 14 फरवरी को हुई थी। दामाद रेलवे का कर्मचारी है और इन दिनों मुंबई में उसकी पोस्टिंग है। शादी में बेटी को जरूरत का सभी सामान और दामाद की पसंद से बुलेट बाइक दी थी। इसके बाद भी दामाद शादी के बाद से ही दहेज में कार और महंगा प्लाट देने की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करता था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को कृतिका की ननद ने उन्हें कॉल कर बेटी की सुसाइड की जानकारी दी थी। जब वह मौके पर पहुंचे तो घर के गेट खुले थे।

## हिनौती गौधाम, आत्मनिर्भर तथा गौ-शालाओं के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने वाला गौ-वंश वन्य विहार बनेगा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

# हिनौती गौधाम में प्रशासनिक भवन-गेस्ट हाउस का किया भूमिपूजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हिनौती गौधाम आत्मनिर्भर व अन्य गौ-शालाओं के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने वाला गौ-वंश वन्य विहार बनेगा। यहां गौवंशों का संरक्षण होगा तथा गाय के गोबर व मूत्र से बनने वाले उत्पाद निर्मित होंगे।**

उन्होंने कहा कि आगामी 2 माह में हिनौती गौधाम में लगभग 20 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं विस्तार के कार्य प्रारंभ हो जायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौधाम में 77 लाख रूपये की लागत से प्रथम चरण में बनाये जाने वाले प्रशासनिक भवन/गेस्ट हाउस का भूमि-पूजन किया। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर गौधाम विस्तार के लिए कराये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों की कार्य-योजना का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी 3 माह में गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाएं। प्रथम चरण में गौधाम की 100 एकड़ भूमि में वायर-फेंसिंग का कार्य कराते हुए शेड निर्माण के कार्य प्रारंभ कराये जाएं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी 100 एकड़ भूमि गौशाला के लिए उपलब्ध होगी। गौ-वंश के लिए चरनोई भूमि तथा पानी की आवश्यकता



भी सुनिश्चित करायी जा रही है। उन्होंने गौधाम का मुख्य गेट बनाने तथा गौधाम तक पहुंच मार्ग दुरूस्त करने के साथ ही आंतरिक रास्ते का निर्माण कराने के निर्देश को दिये। उन्होंने कहा कि गौधाम में हाई-मास्क लाइट लगाई जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम में जल निगम द्वारा पानी की उपलब्धता के लिए टंकी का निर्माण भी कराया जायेगा। उन्होंने गौधाम में प्रथम चरण में 25 शेड बनाये जाने की बात कही जिनमें लगभग 15 हजार गौवंश को संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गौधाम में प्रस्तावित निर्माण कार्यों तथा विस्तार कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष गंगेव श्री विकास तिवारी, मुख्य वन संरक्षक श्री राजेश राय, वन मंडलाधिकारी, पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, श्री त्रियुगीनारायण शुक्ल, श्री राजेश पाण्डेय, श्री कौशलेश द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560